.वर्ष 14, अंक 86
गैरसैंण
शुक्रवार
21 जुलाई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969   e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## चमोली हादसा: नमामि गंगे प्रोजेक्ट साइट पर करंट से झुलसे 6 व्यक्तियों में से दो की हालत नाजुक

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार को विद्युत करंट फैलने से हुए दर्दनाक हादसे के छह घायलों में से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि अन्य सभी घायलों का ऋषिकेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा वार्ड में आवश्यक उपचार चल रहा है। गुरुवार दोपहर चमोली से पांच अन्य लोगों को हेली एम्बुलेंस द्वारा एम्स पहुंचाया गया है। इन सभी को भी अस्पताल की ट्रॉमा इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। अपराह्न समय राज्य के स्वास्थ्य चिकित्सा और उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल और यमकेश्वर की विधायक रेणु बिष्ट ने भी एम्स पहुंचकर घायलों का हाल जाना।कल अस्पताल में भर्ती किए गए छह घायलों में से संदीप कुमार और सुशील की हालत गंभीर बनी है। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि करंट लगने से बुरी तरह झुलसने के कारण संदीप का बायां हाथ तथा बायां पैर मिड इम्प्युटेशन करना पड़ा। जले स्थान पर उसके हाथ और पैर की मांशपेशियां भी पूरी तरह जल गईं थी। इससे संदीप की किडनी में भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। वह अभी वेंटिलेटर पर हैं और ट्रॉमा आईसीयू में भर्ती हैं। जबकि सुशील के सिर में चोट लगने के कारण वह पूरी तरह होश में नहीं है।

# बख्शे नहीं जाएंगे मणिपुर के दुश्मन, बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को नहीं मिलेगी माफी : पीएम मोदी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के सवालों के बीच आज मणिपुर की घटना को लेकर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस घटना पर कड़ा रुख अपनाया और कहा मणिपुर में जो कुछ भी हो रहा है वह सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है, इसीलिए इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को माफ नहीं किया जाएगा। श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में मानसून सत्र के शुरू होने से ठीक पहले आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं लोकतंत्र के मंदिर में खड़ा हूं और मणिपुर की, जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

गुनाह करने वाले कौन हैं, कितने हैं, वह अपनी जगह हैं, लेकिन इसकी वजह से देश के 140 करोड़ लोगों को शर्मसार होना पड़ता है। इन घटनाओं की जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने राज्य सरकारों से इस तरह की घटनाएं रोकने और खासकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर सख्त रुख अख्तियार करने की अपील करते हुए कहा कि मैं सभी मुख्यमंत्रियों से अनुरोध करता हूं कि वह अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को मजबूत करें और खासकर महिलाओं की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाएं। राजनीति से उठकर महिलाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। मैं देशवासियों विश्वास दिलाता हूं कि महिलाओं के सम्मान के लिए सारे कदम उठाए जाएंगे और मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है, ऐसे करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने विपक्षी दलों से संसद चलाने में सहयोग देने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि यह पवित्र सावन का महीना है और लोकतंत्र के मंदिर में पवित्र काम करने के लिए इससे उत्तम अवसर कुछ नहीं हो सकता है। मुझे विश्वास है सभी माननीय सांसद जनहित में इस सत्र का उपयोग करेंगे और संसद की जो जिम्मेदारी है उनका निर्वहन किया जाएगा।

## 'हेरोदास मैतेई' ने की इंसानियत की सारी हदें पार



**मणिपुर, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक शर्मनाक और भयावह वीडियो सामने आने के बाद, देश भर में लोगों का गुस्सा फुट रहा है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड करवाने वाली वायरल वीडियो ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। हर कोई सरकार से अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहा है। वहीं, भीड़ में इस काली करतूत को अंजाम देने वाले एक मुख्य अपराधी की तस्वीर सामने आ गई है। मई में मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना का मुख्य आरोपी, जिसने हरे रंग की टी–शर्ट पहनी हुई थी और महिला को पकड़ रखा था, उचित पहचान के बाद आज सुबह एक ऑपरेशन में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस आरोपी का नाम हुइरेम हेरोदास मेइतेई है, जो पेची अवांग लीकाई का रहने वाला है और उसकी उम्र 32 साल है।

## यौन शोषण मामले में बृजभूषण और विनोद तोमर को मिली जमानत



**नई दिल्ली , एजेंसी।** अदालत ने गुरुवार को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी भाजपा सांसद (सांसद) और कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह व सहायक सचिव विनोद तोमर को जमानत प्रदान कर दी। सुनवाई के दौरन अभियोजन पक्ष व शिकायतकर्ता के वकीलों ने जमानत पर आपत्ति नहीं जताई बल्कि जमानत देते हुए शर्ते लगाने का आग्रह किया। राउज़ एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने आदेश पारित किया।

अदालत ने आरोपी को निर्देश दिया कि वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिकायतकर्ताओं या गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा और न ही उनसे संपर्क करने का प्रयास करेगा। वह अदालत की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेगा। अदालत ने सभी शर्तों का ईमानदारी से पालन करने को कहा है। इससे पहले एपीपी अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि जमानत देते समय शर्तें लगाई जाएंगी। श्रीवास्तव ने कहा वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं इसलिए यह शर्त लगाई जा सकती है।

अदालत ने उनके उस तर्क को भी रिकॉर्ड पर लिया कि वह न तो जमानत अर्जी का विरोध कर रहे है और न ही समर्थन कर रहे है। उसका कहना है कि अदालत को जमानत अर्जी पर कानून, नियमों, दिशानिर्देशों और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के मुताबिक विचार करना चाहिए। शिकायतकर्ता की और से पेश वकील हर्ष वोहरा ने इसी तर्ज पर कहा यदि अदालत जमानत देने के इच्छुक हैं, तो कड़ी शर्तें लगाई जा सकती हैं।

# चमोली हादसे में हताहत लोगों के परिजनों से मिलकर भावुक हुए सीएम धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस मैदान गोपेश्वर में मुख्यमंत्री ने चमोली हादसे में हताहत होमगार्ड के तीनों जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को चमोली पहुंचे। चमोली हादसे में हताहत लोगों के परिजनों से मिलकर मुख्यमंत्री काफी भावुक नजर आए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री चमोली में हुए हादसे में मृतकों के परिजनों से एक-एक कर मिले। उन्होंने सभी को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बहुत हृदयविदारक घटना है। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस घटना में जो हताहत हुए हैं उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। राज्य सरकार की तरफ से मुआवजा, इलाज आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है, सरकार द्वारा उनकी हर संभव मदद की जाएगी।



IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
- Attractive Scholarships
- Industrial Tour
- Value Added Courses @ 0% cost
- Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## सड़क पर गोवंश छोड़ने वालों पर लगाएं जुर्माना

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नरेंद्र भाई मोदी विचार मंच ने सड़कों पर गो वंश छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की मांग की है। इस संबध में मंच अध्यक्ष सीपी डोबरियाल व संयोजक जीके बड़थ्वाल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बालासौड़, रतनपुर व बलभद्रपुर सहित कई क्षेत्रों में लोग छोटी-छोटी दूध डेरियां खोल रहे हैं। दूध के लिए उन्होंने दो-चार गाय पाली हुई है। गाय के दूध देना बंद करने के बाद डेरी संचालक गायों को सड़कों पर छोड़ रहे हैं, इस कारण जहां सड़कों पर बेसहारा गो वंशों की संख्या बढ़ रही है, वहीं आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में नगर आयुक्त से गोपालकों को गौ वंशों को सड़कों पर न छोड़ने की हिदायत देने की मांग की गई है।

## लाखों की स्मैक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस व सीआईयू टीम ने स्मैक तस्करी के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। युवक उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक लेकर उसे शहर के युवाओं को महंगे दामों में बेचते थे। बरामद स्मैक की कीमत दो लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए बकायदा पुलिस व सीआईयू की विशेष टीमें भी गठित की गई है। बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने दिल्ली फार्म से कौड़िया की ओर आ रही एक स्कूटी को रोक दिया। स्कूटी में तीन युवक सवार थे। बताया कि तलाशी के दौरान युवकों के कब्जे से 15.59 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर दिया गया। गिरफ्तार युवकों में जौनपुर निवासी नितिन व सत्यम और इंदिरा नगर, आमपड़ाव निवासी अंकित शामिल हैं। तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वे बरेली से स्मैक लाकर कोटद्वार में महंगे दामों पर बेचते हैं।




कोटद्वार कोतवाली में स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपी

## विद्यालय में आ रही नाले की गंदगी

**कोटद्वार** : राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन में पनियाली गदेरे का गंदा पानी आ रहा है। ऐसे में दुर्गंध के कारण विद्यार्थियों का कक्षाओं में बैठना भी मुश्किल हो गया है। विद्यालय प्रबंधन ने नगर निगम से जल्द समस्या के निराकरण की मांग की है। समस्या के संबंध में प्रबंधक समिति की अध्यक्ष निशा ने नगर आयुक्त को ज्ञापन भेजा। बताया कि नाले में जलभराव व पानी की निकासी अवरुद्ध होने के कारण दूषित पानी विद्यालय भवन में घुस रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं, वार्डवासियों ने भी नगर आयुक्त से समस्या को गंभीरता से लेने की मांग उठाई। अब्दुल अजीज ने बताया कि बरसात के समय समस्या और अधिक विकराल हो जाती हैं। शिकायत के बाद भी नगर निगम की अधिकारी व कर्मचारी मौके पर झांकने तक को तैयार नहीं है। यहीं, नहीं गंदा पानी आवासीय भवनों तक भी पहुंच रहा है।

## डा. शक्ति शैल कपरवाण को मिले केंद्रीय अध्यक्ष का दायित्व




कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते उक्रांद कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल महानगर कण्वनगरी ने डा. शक्तिशैल कपरवाण को केंद्रीय अध्यक्ष का दायित्व देने की मांग की है। कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

मवाकोट में बैठक का आयोजन किया गया। सदस्यों ने उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय कार्यकारिणी से डा. शक्तिशैल करपवाण से केंद्रीय अध्यक्ष बनाने की मांग उठाई। कहा कि डा. कपरवाण वर्तमान में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उन्होंने विद्यार्थी जीवन से उत्तराखंड राज्य संघर्ष व राजनीतिक संघर्ष में 50 वर्ष तक भाग लिया है। उनकी पहचान एक कुशल संगठक और साफ स्वच्छ छवि की है। डा. कपरवाण का उत्तराखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि गैरसैंण और मसूरी में अधिवेशन स्थगित किए जाने पर कण्व नगरी कोटद्वार में 25 जुलाई 2023 को उत्तराखंड क्रांति दल का अधिवेशन होगा। अधिवेशन आयोजन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है।

महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत की अध्यक्षता में प्रवेश चंद्र नवानी, रमेश चंद्र कोठारी, पुष्कर सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी, सुरेश पटवाल, भारत मोहन काला, यतेंद्र भट्ट, आदि सदस्य एवं केंद्रीय पदाधिकारियों में हरीश द्विवेदी, श्रवण सिंह रावत पदेन सदस्य निर्वाचित किए गए हैं।

## अग्निवीर भर्ती को लेकर व्यापक प्लान एक हफ्ते में तैयार करें

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : सितंबर में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल ने बैठक कर संबंधित अधिकारियों से भर्ती के दौरान युवाओं के लिए सुविधाओं पर केंद्रित व्यापक प्लान एक हफ्ते में देने को कहा है। डीएम ने पुलिस विभाग को सुरक्षा, नौकरी के नाम पर ठगी और दलाली करने वालों पर सख्त निगरानी और कार्रवाई के साथ ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एसडीएम लैंसडौंन और सेवायोजन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैन्य अफसरों के साथ वार्ता करते हुए एक संयुक्त बैठक की जाए, ताकि भर्ती के दौरान युवाओं के लिए की जाने वाली सुविधिाओं को लेकर तैयारियों में किसी तरह की कमी न हो। अग्निवीर भर्ती योजना से जुड़े मुख्य विभागों पुलिस, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, लोनिवि, पेजयल, विद्युत, एनआईसी, नगर निगम कोटद्वार, सेवायोजन को निर्देश दिए गए कि भर्ती को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए विभागीय स्तर पर प्लान तैयार कर सात दिन के अंदर रिपोर्ट दे दी जाए। इसी तरह से आरटीओ को पर्याप्त वाहन टैक्सी-मैक्सी कैब उपलब्ध रखने और शिक्षा विभाग को शिक्षकों का प्रशिक्षण व तैनाती को लेकर तैयारी करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को सभी जीवन रक्षक दवाओं तो लोनिवि को सभी बैरिकेडिंग, पेयजल विभाग को टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में शुरू हो कक्षाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नागरिक मंच ने सिम्मलचौड़ स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आयुर्वेद पोस्ट ग्रेजुएट, डिप्लोमा व सार्टिफिकेट कक्षाएं संचालित करने की मांग की है।

मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट ने कहा कि मंच पिछले कई वर्षों से कोटद्वार आयुर्वेदिक चिकित्सालय को आयुष शिक्षा के अंतर्गत करने की मांग कर रहा था। जिसका संज्ञान लेते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सालय की समस्त चल, अचल संपत्ति आयुष शिक्षा के हस्तांतरित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। कहा कि शासन को जल्द ही आयुर्वेदिक चिकित्सालय में विभिन्न कक्षाओं के संचालन की भी मांग की है।

## मातृ-पितृ विहीन छात्र-छात्राओं को दी आर्थिक सहायता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से राइंका कुंभीचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के सौजन्य से रांइका कुंभीचौड़, राइंका कोटड़ीढ़ांग और राबाइंका लालपानी में अध्ययनरत मातृ-पितृ विहीन छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम का आरंभ मंच अध्यक्ष एसपी थपलियाल, उपाध्यक्ष पीएल खंतवाल, अजयपाल सिंह रावत और प्रधानाचार्य लखपतराज खुगशाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। अजयपाल सिंह रावत ने मंच के संबध में जानकारी देते हुए बताया कि मंच आर्थिक रूप से कमजोर व मातृ-पितृ विहीन छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है, ताकि उनके अध्ययन में रूकावट पैदा न हो। मंच अध्यक्ष एसपी थपलियाल ने छात्र-छात्राओं को नशे व कुसंगति से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य लखपतराज खुगशाल ने मंच द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




मातृ-पितृ विहीन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करते सदस्य

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 23 जुलाई को

**कोटद्वार** : रोटरी क्लब के तत्वावधान व मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के सहयोग से 23 जुलाई रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए क्लब प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि नजीबाबाद रोड़ स्थित रोटरी कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले शिविर में मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। बताया कि शिविर में हड्डी, कैंसर रोग, पेट एवं लीवर रोग, श्वसन सम्बन्धी व बाल रोग सम्बन्धित बीमारियों की जांच की जायेगी। उन्होंने स्थानीय जनता से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## गुलदार पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**पौड़ी** : आखिरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल के चंदोला राई गांव में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो ही गया। चंदोला राई गांव में लगे पिंजरे में बीती रात गुलदार कैद हो गया है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम ने उक्त गांव में काफी समय से डेरा डाला हुआ था। गुलदार ने चंदोला राई में बीती चार जुलाई को एक बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया था, जबकि 6 जून को गडोली में भी एक बालिका पर हमला कर घायल किया था। गुलदार के एक के बाद एक हमलों के कारण इस क्षेत्र में दहशत बनी हुई थी। गुलदार के हमलों के बाद वन विभाग ने यहां गश्त करने के साथ ही पिंजरे भी लगा दिए थे, लेकिन गुलदार इनमें नहीं फंसा। बीती रात चंदोला राई में लगे पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। इसकी सूचना महकमे को गुरूवार सुबह तड़के मिली। पौड़ी के गडोली से लेकर चंदोला राई और सर्किट हाउस आदि स्थानों पर गुलदार बीते कई दिनों से सक्रिय है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद गडोली और चंदोला राई के स्थानीय लोगों ने भी राहत ली है।

## पर्यावरण संरक्षण को अवश्य करें पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण को बचाने की सीख दी। कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार के दिशा-निर्देशन में भौतिक विज्ञान विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के सम्मुख स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के पौधों का भी रोपण किया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए प्रो. सीमा चौधरी, प्रो. अमित कुमार जायसवाल, डॉ. अंकेश चौहान एवं डॉ. धनेंद्र पवार ने भी महाविद्यालय परिसर में एक-एक पौधा रोपित किया। प्राचार्य जानकी पंवार ने कहा कि पौधा रोपण से ही हम पर्यावरण को बेहतर बना सकते हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता चौहान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनी असवाल ने विद्यार्थियों को हरेला पर्व के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर एमडी कुशवाहा, प्रो. आरएस चौहान, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. प्रीति रानी, डॉ. सुशील बहुगुणा, डॉ. डीएस चौहान डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. हितेंद्र बिश्नोई, अभिषेक नेगी, उदय नैथानी, राजन, निहारिका, वैशाली, अमन असवाल आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार महाविद्यालय में पौधा रोपण करते शिक्षक व अन्य

## वेडिंग प्लानर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लाखों की ठगी का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शादी के नाम पर बेहतर व्यवस्थाओं का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले एक वेडिंग प्लानर को पुलिस ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित शहर के कई व्यक्तियों से लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि नवंबर 2022 में कोटद्वार निवासी मुकेश मल्होत्रा की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि अंकुर शर्मा नाम के एक व्यक्ति ने उनके पुत्र की शादी को बेहतर तरीके से करवाने के नाम पर उनसे पचास हजार रुपये ऐंठ लिए। वहीं, इसी माह गोविंद नगर निवासी नरेश भाटिया ने भी पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि अंकुर शर्मा ने उनकी बेटी के विवाह में बेहतर व्यवस्थाएं करने के नाम पर दो लाख रुपये ठग लिए हैं। बताया कि पुलिस लगातार आरोपित की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। गुरुवार को अंकुर को हरिद्वार कनखल से गिरफ्तार किया गया। अंकुर मूल रूप से हल्द्वानी कमलवागाजा का रहने वाला है।

## कण्वाश्रम पुल से गुजरेंगे स्कूलों के वाहन

### विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों व शिक्षकों ने की प्रशासन से वार्ता



बैठक में मौजूद शिक्षक एवं प्रबन्धक।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मालन नदी का पुल धराशायी होने के बाद स्कूल तक विद्यार्थियों को पहुंचाना भी एक चुनौती बन गई है। ऐसे में विद्यालयों के प्रबंधकों व शिक्षकों ने प्रशासन से वार्ता कर समस्या के निराकरण की मांग उठाई। प्रशासन ने विद्यालयों के वाहनों को कण्वाश्रम पुल से आवाजाही करने की अनुमति दी है।

मालन नदी का पुल कोटद्वार बाजार व भाबर क्षेत्र को आपस में जोड़ता है। ऐसे में पुल धराशायी होने के बाद विद्यालयों के बच्चों के आवाजाही का भी संकट खड़ा हो गया है। गुरुवार को समस्या के संबंध में शिक्षकों व विद्यालयों के प्रबंधकों ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने बताया कि पुल धराशाई होने पर बच्चों को बस के माध्यम से विद्यालय पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने स्कूल जाने के समय सुबह 5 बजे से 8 बजे तक और पूर्वाहन साढ़े 12 से 2 बजे तक कण्वाश्रम पुल से बसों की आवाजाही करने की अनुमति दी। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता वीपी सिंह, नायाब तहसीलदार श्रीधर प्रसाद नौटियाल, डीएबी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, मयंक कोठारी सहित विद्यालयों के प्रबन्धक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया जाएं नया पुल

**कोटद्वार** : बालासौड़ निवासी राजेंद्र प्रसाद बड़थ्वाल ने कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य सिद्धबली के समीप खोह नदी में पुल निर्माण की मांग की है। कहा कि उक्त स्थान पर केवल एक ही पुल है। ऐसे में यह धराशायी होने के बाद पहाड़ की यातायात व्यवस्था बिगड़ जाएगी। इस संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। बताया कि कोटद्वार से गढ़वाल को जोड़ने के लिए सिद्धबली मंदिर से करीब तीन किलोमीटर आगे लालपुल है। ऐसे में यदि कभी यह पुल धराशायी हुआ तो यातायात व्यवस्था ठप हो जाएंगी। कहा कि पूर्व में सिद्धबली मंदिर से कुछ दूरी पर झूला पुल था। इसी पुल से पूर्व में वाहन पहाड़ के लिए आवाजाही करते थे। कहा कि व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुराने मार्ग की मरम्मत कर पुल निर्माण किया जाना चाहिए।

## जल्द होगा पौड़ी बस अड्डे का लोकार्पण

**पौड़ी** : लंबे समय से निर्माणाधीन पौड़ी के बस अड्डे का जल्द लोकार्पण होने की उम्मीद जगी है। काम तय समय पर हुआ तो लगभग डेढ़ माह में इसका लोकार्पण भी हो जाएगा। पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम के अनुसार बस अड्डे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कहा कि पूरा बन जाने के बाद ऊपरी मंजिल में 80 वाहन तक पार्क किए जा सकेंगे। पांच सितंबर को बस अड्डे का लोकार्पण करने की तैयारी है।गुरुवार को पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने पत्रकार वार्ता कर बस अड्डे के निर्माण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बस अड्डे के दूसरी मंजिल में गार्डर पुल का काम शुरू कर दिया गया है। गार्डर पुल के तैयार होते ही इसमें 80 वाहनों तक की पार्किंग व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी। जिससे शहर क्षेत्र की पार्किंग समस्या से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी। बेनाम बताया कि निर्माणाधीन बस अड्डा कार्य लगभग अंतिम चरण में है। जिसे युद्धस्तर पर पूरा कर आगामी पांच सितंबर को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। कहा कि बस अड्डे के बनते ही शहर में वीरचंद्र सिंह गढ़वाली व बस अड्डे पर जयानंद भारती की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही स्लॉटर हाउस और रामलीला मैदान में श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

## महिलाओं ने सीखे जूट से बैग बनाने के गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : महिला सुरक्षा हेल्पलाइन की महिला कार्मिकों के नेतृत्व में मास्टर ट्रेनर सुंदर लाल परियाल द्वारा पौड़ी पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूट के उत्पाद बनाने का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर पुलिस परिवार की महिलाओं को जूट से निर्मित बैग, वाटर बोतल बैग, लंच बैग आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। उपवा पौड़ी गढ़वाल द्वारा पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार से जोड़ने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## नैतिक शिक्षा के अभाव में बढ़ रहा अपराध

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित क्रेडल पब्लिक स्कूल में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को नैतिक शिक्षा का महत्व बताया गया। कहा कि नैतिक शिक्षा के अभाव में ही समाज में अपराध बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में राजस्थान से पधारे बीके भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा ही मानव को 'मानव बनाती है। नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। वर्तमान में भौतिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते है जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। प्रधानाध्यापिका रेणुका गुसांई ने कहा कि नैतिकता के बिना जीवन अंधकारमय है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवाकेंद्र की बी.के. ज्योति बहन ने कहा कि जीवन में नैतिकता का बहुत महत्व है। सभी को अपने जीवन में नैतिक शिक्षा को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

# लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूर्ण करें अधिकारी: एसपी




चम्पावत। लंबित मालों, विवेचनाओं और जांचों को संबंधित अधिकारी शीघ्र निपटाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी देवेंद्र पींचा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से यह बातें कही। पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को एसपी ने मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इससे पहले सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने चमोली हादसे पर दुख जताते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। एसपी ने कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दोपहिया, चौपहिया वाहनों में रेट्रो साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले और ट्रिपल राइडिंग करने वाले चालकों पर कठोर कार्यवाही करने को कहा। साथ ही गौरा शक्ति ऐप, बाहरी व्यक्तियों, किरायेदार सत्यापन करने के निर्देश दिए। एसपी ने यहां उत्कृष्ट कार्य करने और पिछले माह रीठासाहिब से पंजाब जा रही बस जो कि स्वाला में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, हादसे में घायलों की मदद करने वाले ग्राम प्रधान जयतोली डिगर देव जोशी व ललुवापानी निवासी दिनेश चंद्र बिनवाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा एएसआई चंदन सिंह, हे.कांस्टेबल लाल सिंह, जीवन चंद्र पांडेय, विक्रम सिंह, किशोर सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मेहरबान सिंह को सम्मानित किया।

## पूर्व प्रधान ने गटका जहर, रेफर

चम्पावत। नेपाल सीमा से लगे एक गांव के पूर्व प्रधान ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ गटक लिया।

उपजिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में पूर्व प्रधान को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। राज मिस्त्री का काम करने वाले पूर्व प्रधान ने गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ गटक लिया। घटना के समय उसकी पत्नी और बेटा चम्पावत आए हुए थे। जबकि पुत्र बधु और पोता घर में ही थे। जहरीला पदार्थ गटकने की जानकारी मिलते ही आनन–फानन में परिजन उन्हें लोहाघाट अस्पताल लाए।

डॉ.करन ने बताया कि पूर्व प्रधान की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।



## पेयजल व रास्ते बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

पिथौरागढ़। मोस्टामानू में मेडिकल कॉलेज निर्माण के दौरान रास्ते व पेयजल स्त्रोत में मलबा आने सहित अन्य समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण में पेयजल स्त्रोतों के समीप ही कार्यदायी संस्था ने बोरवेल खोद दिया है जिससे जलस्तर में गिरावट आई है। गांव से मुख्य सड़क को जोडने वाला मार्ग ध्वस्त हो चुका है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कॉलोनाइजर ने अवैध कॉलोनी काटी, लोग सुविधाओं को तरसे

रुद्रपुर। जलभराव से निजात की मांग को लेकर वार्ड नंबर एक फुलसुंगी के कृष्णा विहार कॉलोनी और बनखंडी नाथ के लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने जलभराव की समस्या के समाधान की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को देवभूमि व्यापार मंडल गंगापुर के अध्यक्ष सचिन छाबड़ा के नेतृत्व में कॉलोनी के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। एसडीएम मनीष बिष्ट को ज्ञापन सौंप कहा कि उनका क्षेत्र रुद्रपुर और किच्छा विधानसभा के अंतर्गत आता है। इसे साल 2017 में नगर निगम में शामिल किया गया था। यहां कॉलोनी काटने के लिए जिला विकास प्राधिकरण से स्वीकृति नहीं ली गई। जिस कारण लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में पानी की निकासी न होने से कॉलोनी में जलभराव हो जाता है। जिससे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। नगर निगम की ओर से सफाई के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। सचिन छाबड़ा ने कहा कि सरकारी भूखंडों पर अतिक्रमण कर उन्हें बेचा जा रहा है तथा पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे बीमारियां फैलने का भी खतरा बना है। उन्होंने कहा कि खाली पड़े भूखंडों में पानी एकत्र हो रहा है। बारिश का पानी सड़कों पर एकत्रित होने से लोगों के घरों में घुस रहा है। जनहित में समस्या का जल्द निदान किए जाने की मांग की। इस मौके पर हरीश सिंह, प्रकाश सिंह देउपा, गंगाधर, रामकृष्ण, आनंद रावत, हरीश चंद्र, देवकीनंदन, विजय कुमार, दीवान सिंह, संजू, कविता पांडेय, गीता देवी, रानी शर्मा, संगीता यादव, अनीता देवी, संगीता चौरसिया, मानवती, विमला जोशी, माया बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## एनीमिया जांच शिविर लगा

चम्पावत। भारत विकास परिषद की ओर से सेवा पखवाड़े के तहत सीमांत ग्राम सभा मझगांव और देवीपुरा में एनीमिया जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित 118 महिलाओं की खिंडा पैथोलॉजी लैब खटीमा के सहयोग से निशुल्क रक्त जांच कर 45 पात्र महिलाओं को गुड़, चना, और लोहे की कड़ाई दी गई। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष हरीश शर्मा, संजय कपूर, रेनू वर्मा, चंचल अग्रवाल, रितु बत्रा, मीनू गोयल, संगीता गुप्ता आदि रहे '

## मंदिर की आय–व्यय का हिसाब न देने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे लोग

रुद्रपुर। शिव मंदिर चौरासी घंटा की आय का हिसाब–किताब सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर रम्पुरा के लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मंदिर प्रबंध कमेटी पर सालों से आय–व्यय का कोई ब्योरा उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग उठाई। गुरुवार को रम्पुरा के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन के बाद एसडीएम मनीष बिष्ट को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि शिव मंदिर चौरासी घंटा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने पिछले 11 सालों से आय–व्यय का कोई लेखा–जोखा नहीं दिखाया है। मंदिर में प्रतिवर्ष किराये की दुकानों, शादी मंडप, रामलीला मंचन व दान आदि के रुप में लाखों रुपये की आय होती है। लोगों ने आरोप लगाया कि मंदिर के अध्यक्ष व उनके कुछ समर्थित पदाधिकारी कई बार हिसाब मांगे जाने के बावजूद आय–व्यय का कोई ब्योरा देने को तैयार नहीं होते। विरोध किए जाने पर अपने ही किसी व्यक्ति को अध्यक्ष बना लेते हैं।

## पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल किया पौधरोपण

पिथौरागढ़। राजकीय महाविद्यालय मुवानी में छात्र–छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली और मंगरोली में पौधरोपण किया। गुरुवार को प्राचार्य डॉ.गिरीश चंद्र पंत ने मुवानी के स्थानीय लोगों को पेड़ों के महत्व को समझाया और पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान डॉ.सुधीर कुमार, डॉ.रुपेश कुमार, राज कमल किशोर, डॉ.नीमा जोशी, धर्मेंद्र सिंह, अंशुल कुमार, दिवाकर सहित अन्य शिक्षक व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# डीडीहाट में आशाओं ने सरकार पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

पिथौरागढ़। डीडीहाट में आशाओं कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन कर आक्रेश जताया। गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष ममता कन्याल के नेतृत्व में कार्यकत्रियां एकत्र हुई। इस दौरान उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ममता ने शासन–प्रशासन पर कार्यकत्रियों का उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि लगातार संगठन धनराशि भुगतान को लेकर आवाज उठा रहा है। बावजूद सरकारी तंत्र उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। बाद में उन्होंने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। यहां दीपा मनौला, देवकी जोशी, रेवती देवी, गीता खड़ायत कमला कोहली, विमला, दीपा कन्याल, निर्मला देवी, किरन कन्याल, जानकी कन्याल, रंजना, किरन, गंगा, भावना चौहान, राधा बसेड़ा, सावित्री कन्याल, इंद्रा देवी, आदि मौजूद रहे।

### गंगोलीहाट में आशाओं ने प्रदर्शन किया

नगर में आशा कार्यकत्रियों ने इंद्रधनुष और हेड काउंट सर्वे का बहिष्कार करते हुए विरोध–प्रदर्शन किया।ब्लॉक अध्यक्ष उमा महरा के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उमा ने कहा कि शासनस्तर से पिछलों बिलों का भुगतान न होने से कार्यकत्रियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन कोई राहत नहीं मिल रही। लेकिन अब वह अपना हक लेकर रहेंगे। बाद में उन्होंने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। यहां कमला बिष्ट, मंजू महरा, तारा देवी, नीमा देवी, सुनीता, भागीरथी, हेमा जोशी, दीपा जोशी, सुमन धानिक, राधिका, प्रभा जोशी, रेनू पंत, हेमा पंत, गीता पंत, लीला जरमाल मौजूद रहे।

## सीएचसी को दी मेडिकल सामग्री

पिथौरागढ़। पूर्व एचवी तुलसी रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मेडिकल सामग्री प्रदान की। वे जनवरी 2023 में इसी अस्पताल से एचवी पद से सेवानिवृत्त हुई हैं।गुरुवार को उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुनस्यारी पहुंचकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गौरव कुमार को अस्पताल के प्रयोग के लिए स्टीमर ,रेस्परोमीटर ,मसाजर,टेलर्स ब्रेस सहित मेडिकल सामग्री दी।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उकरौली में हो रहे भू–कटाव क्षेत्र का किया निरीक्षण



रुद्रपुर। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रशासनिक व सिंचाई विभाग के अफसरों के साथ उकरौली में हो रहे भू–कटाव क्षेत्र का निरीक्षण किया। मंत्री ने सिंचाई विभाग के अफसरों को कटाव रोकने के लिए कैलाश नदी को चैनलाइज करने के निर्देश दिए। कैलाश नदी उकरौली क्षेत्र में बड़े स्तर पर कटाव कर गांव की ओर रुख कर रही है। कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर प्रशासन ने यहां कटाव रोकने के लिए तीन स्टड लगाए हैं, लेकिन नदी स्टड लगाए क्षेत्र के आगे डाउन स्ट्रीम में कटाव कर रही है। इससे नदी के नजदीक बने घरों व परिवारों को खतरा बना हुआ है। तहसील प्रशासन ने इन परिवारों को नोटिस देकर घर खाली करने को कहा है। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी, सिंचाई खंड के ईई बीसी नैनवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के साथ उकरौली में भू–कटाव क्षेत्र का निरीक्षण किया। ईई नैनवाल ने बताया कि तटबंध बनाकर कटाव रोकने के लिए प्रस्ताव शासन में लंबित है। कैबिनेट मंत्री ने शासन में अफसरों से वार्ता कर बाढ़ सुरक्षा योजनाओं की जानकारी ली। मंत्री ने ईई को कैलाश नदी को बीच से चैनलाइज करने का काम तत्काल करने के निर्देश दिए, ताकि नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी सीधे निकले और कटाव रुके।

### कैलाशपुरी में कटाव रोकने के लिए अस्थायी कार्य कराने की तैयारी

सितारगंज। कैलाश नदी से कैलाशपुरी में कृषि भूमि का तेजी से कटाव हो रहा है। पूर्व बीडीसी सदस्य सूरज नारायण ने कैबिनेट मंत्री बहुगुणा को हो रहे कटाव के बारे में बताया। मंत्री ने कटाव रोकने के लिए अस्थायी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। सिंचाई खंड के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि कैलाशपुरी में कटाव रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### जलभराव रोकने के लिए अफसरों की बैठक ली

सितारगंज। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय में विभागों के अफसरों की बैठक ली।

## फैक्ट्री की लिफ्ट में फंसकर श्रमिक की मौत

रुद्रपुर। सिडकुल की एक फैक्ट्री में सामान नीचे लाते समय लिफ्ट में फंसकर एक श्रमिक की मौत हो गई। मौत से गुस्साए साथियों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक राहुल (21) पुत्र शेर सिंह मूल रूप से क्रिमचे का मजरा, तहसील मिलक, रामपुर (यूपी) का रहने वाला था। वह ट्रांजिट कैंप में रहता था। करीब दो माह पहले ही उसकी पीपी ऑटो इन्नोवेटर्स फैक्ट्री में जॉब लगी थी। वह हेल्पर का काम करता था। गुरुवार सुबह वह फैक्ट्री की पहली शिफ्ट में काम कर रहा था। सुबह करीब 9 बजे वह सामान ढोने वाली लिफ्ट पर माल की लोडिंग कर रहा था।

## 105 ग्राम स्मैक संग तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलभट्टा पुलिस ने 105 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलभट्टा थाने में पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस डेढ़ माह से उसकी तलाश में जुटी थी।

गुरुवार को एसपी क्राइम चंद्र शेखर घोढ़के और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसओ पुलभट्टा कमलेश भट्ट, महिला एसआई दीपा अधिकारी, कांस्टेबल दीपक बिष्ट, चारु पंत के साथ बुधवार रात उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित गांव सतुईया के मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए शख्श ने अपना नाम जावेद खान पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी मोहम्मद शेखुपुरा ताज मस्जिद के पास थाना बहेड़ी जनपद बरेली उप्र बताया। तलाशी में पुलिस को उसके पास से 105 ग्राम स्मैक, मोबाइल व 1250 रुपये बरामद हुए।

जावेद पूर्व में भी स्मैक तस्करी के आरोप में थाना बहेड़ी जिला बरेली उप्र से वर्ष 2021 और थाना हल्द्वानी जनपद नैनीताल से जेल जा चुका है। उसका साथी ताहिर कुछ दिन पहले एसटीएफ बहेड़ी ने पकड़ा था। जावेद ने पूछताछ में बताया वह स्मैक सिरोली कलां निवासी रहीश को देने जा रहा था।

स्मैक अतीक फतेहगंज पश्चिम बरेली से आकर बहेड़ी बस अड्डे पर उसे दे गया था। पुलिस को जावेद से पूछताछ में अहम जानकारी प्राप्त हुई हैं।

# यूकेडी ने चमोली हादसे के आरोपियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

हल्द्वानी। चमोली हादसे को नरसंहार करार देते हुए उत्तराखंड क्रांति दल ने गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से मुख्य सचिव, पेयजल सचिव और पेयजल निगम के एमडी को ज्ञापन भेजा है।

जिसमें नमामि गंगे के तहत अब तक हुए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने व हादसे के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में उक्रांद ने कहा है कि चमोली में अधिकारियों और कंपनी की लापरवाही के कारण 16 लोगों की मौत हो गई। आरोप लगाया कि पूरे एसटीपी को टीन शेड में बनाने के साथ संबंधित कंपनी को फर्जी तरीके से टेंडर आवंटन किया गया है। कंपनी के पास पर्याप्त अनुभव नहीं है और अप्रशिक्षित कर्मचारी ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहे हैं। ऐसे में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत जो भी कार्य हुए है उनकी जांच कराई जानी जरूरी है। कहा है कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी पेयजल निगम के जिम्मेदार अधिकारी उसी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, ऐसे में जांच प्रभावित होने की आशंका है। मांग की है कि संबंधित अफसरों को तत्काल वहां से हटाया जाना चाहिए। यूपीसीएल की भी जांच होनी चाहिए। दल ने मृतकों के एक परिजन को नौकरी और मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये व घायलों को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, नगर अध्यक्ष हल्द्वानी हरीश जोशी, सोनू राजपूत, नवीन जोशी शामिल रहे।

## सीईओ ने दिए शिक्षाधिकारियों को विद्यालयों के निरीक्षण के निर्देश

पिथौरागढ़। मुख्य शिक्षाधिकारी ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को विद्यालयों में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने विद्यालय में अनियमिता मिलने पर कार्रवाई करने के भी आदेश दिए। मिशन इंटर कॉलेज में शिक्षा विभाग और प्रधानाचार्यों की बैठक मुख्यशिक्षाधिकारी अशोक कुमार जुकरिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें सीईओ जुकरिया ने मानसून काल में जर्जर विद्यालयों में शिक्षण कार्य संचालित न करने को कहा।

# बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए




चम्पावत। डांडा–मल्ला गांव के ग्रामीणों ने बरसात से हुए भू–कटाव और फसलों के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। गुरुवार को सीएम कैंप कार्यालय में डांडा–मल्ला के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश से गांव की नाप भूमि में कई जगहों में भू–कटाव से गांव के आवासीय मकानों को खतरा बन गया है। इससे भविष्य में बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। बताया कि बरसात से उनके अदरक, मडुवा, गहत, और धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने फसल के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। यहां प्रेम सिंह, दीवाान सिंह, जगदीश चंद्र परगांई, अनीता महरा आदि रहे।

# कुमाऊं कमिश्नर रावत ने किया आईजी भरणे संग हैड़ाखान मार्ग का निरीक्षण



हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने आईजी नीलेश आनंद भरणे के साथ हैड़ाखान मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग में लगातार हो रहे भूस्खलन से लोगों की परेशानी का जायजा लिया। बताया कि मार्ग के बाधित होने से क्षेत्र के 200 गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोनिवि के अधीक्षण अभियंता को वैकल्पिक मार्ग के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर रावत ने कहा कि सड़क के 280 मीटर पेच में बार–बार भूस्खलन से मार्ग बाधित हो रहा है। वैकल्पिक मार्ग के लिए 2 किमी सड़क का एलाइमेंट कर लिया गया है। यह सड़क 5 किमी दूरी पर फिर से हैड़ाखान मार्ग से जुड़ेगी। इस मार्ग के बदले वन विभाग को 3 हेक्टेयर भूमि बेतालघाट में हस्तांतरित कर दी गई है। कमिश्नर ने मौके पर अधीक्षण अभियंता लोनिवि राजेन्द्र सिंह सयाना को वैकल्पिक मार्ग का सर्वे कर शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नए बनने वाले वैकल्पिक मार्ग के सीमांकन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि वन विभाग द्वारा भूमि का सीमांकन कर दिया गया है। कमिश्नर ने कहा कि 280 मीटर पेच में जो मार्ग धंस रहा है, इसकी सुरक्षा के लिए सर्वे टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है।

## पिटकुल बनाएगा हल्द्वानी में आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र

हल्द्वानी। पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन (पिटकुल) हल्द्वानी में आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनाने जा रहा है। इसके लिए विभाग ने कमलुवागांजा में भूमि का चयन कर लिया है। इसके बनने से अभियंताओं को दिए जाने वाले प्रशिक्षण मंडल स्तर पर ही आयोजित किए जाएंगे।

पिटकुल बिजली सप्लाई की तकनीक में होने वाले बदलाव के लिए अभियंताओं को लगातार प्रशिक्षित करता है। इसके लिए आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की जरूरत होती है।

# बैराज में सिल्ट जमा होने से फिल्टर प्लांट चार घंटे बंद

हल्द्वानी। गौला बैराज में सिल्ट जमा होने से गुरुवार को फिल्टर प्लांट के लिए पानी आपूर्ति ठप हो गई। चार घंटे तक पानी नहीं मिलने पर जल संस्थान पानी साफ नहीं कर पाया। जिससे शाम के समय की जाने वाली पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रही। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल संस्थान गौला के पानी को शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट में साफ कर आपूर्ति करता है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से गौला में सिल्ट की मात्रा बढ़ रही है। गुरुवार को बैराज की क्षमता से अधिक सिल्ट जमा होने पर सिंचाई विभाग ने गेट खोल कर इसे बाहर निकालने की कार्रवाई की। इस दौरान फिल्टर प्लांट के लिए पानी आपूर्ति बंद कर दी गई। सुबह दस बजे बंद हुई सप्लाई दोपहर दो बजे बहाल हो पाई। चार घंटे प्लांट बंद होने से देर शाम की जाने वाली पेयजल आपूर्ति में कमी आ गई। कम मात्रा में पानी मिलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि प्लांट बंद होने से पानी आपूर्ति में कमी हो रही है। वहीं सिंचाई विभाग के अवर सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने कहा, गौला में लगातार सिल्ट आने से बैराज की सुरक्षा के लिए गेट खोले जा रहे हैं।

## सीएम छात्रवृत्ति के ब्लॉक स्तरीय ट्रायल 25 जुलाई से

चम्पावत। मुख्यमंत्री उदीयमान उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत जिले की तीनों निकायों में ट्रायल 25 से 27 जुलाई तक होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी भुवन चंद्र पंत ने बताया कि चम्पावत और लोहाघाट में सुबह साढ़े नौ बजे से ट्रायल होंगे।

# फूलों की घाटी से लेकर हेमकुंड साहिब तक खिले रंग बिरंगे फूल



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : हेमकुंड साहिब आने वाले श्रद्धालुओं को इन दिनों प्रकृति के सुंदर नजारे देखने का मौका मिल रहा है। हेमकुंड साहिब के पैदल मार्ग के आसपास ही इन दिनों राज्य पुष्प ब्रह्मकमल सहित नाना प्रकार के पुष्प खिले है। फूलों की घाटी से लेकर हेमकुंड साहिब तक पूरी घाटी रंग बिरंगे फूलों के मनमोहक छटा बिखेर रही है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक खासे उत्साहित है। हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि इस वर्ष हेमकुंड वैली में अचम्भित करने वाले नाना प्रजाति के फूलों का अंबार लगा हैं। ईश्वर की अपार कृपा से यह मन में सदैव क़ैद करने योग्य दृश्य श्रद्धालुओं की अंतर आत्मा को छू रहे हैं। इस वर्ष प्रभु की बख़्शीश से मौसम भी बहुत साथ दे रहा है। श्रद्धालु अपनी तीर्थयात्रा के साथ इन अदभुत नज़ारों का आनंद उठा रहे हैं। हेमकुंड यात्रा सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर अच्छी व्यवस्थाएं की है। इस साल अब तक 130486 से अधिक श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुँचे है।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो पकड़े

टिहरी : थाना घनसाली पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन की जा रही कुल 13 पेटियां अंग्रेजी शराब की बरामद की है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुदकमा दर्ज करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। घनसाली थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने बताया कि सीआईयू टिहरी व घनसाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बीते बुधवार देर शाम को मुखबिर की सूचना पर बूढ़ाकेदार रोड पर छतियारा बैण्ड के पास एक टाटा सूमो वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें 144 अद्धे (6 पेटी) व 336 पव्वे (7 पेटी) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया कि पुलिस ने आरोपी वाहन चालक दयाल सिंह पंवार निवासी बौसाडी तथा आरोपी महिपाल सिंह निवासी डालगांव को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदजा पंजीकृत करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। (एजेंसी)

# चमोली हादसे के बाद छात्र संघ समारोह स्थगित

टिहरी : चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करंट लगने से 16 लोगों की मौत के बाद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी का छात्र संघ समारोह स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते दो मिनट का मौन रखा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी का छात्र संघ समारोह कार्यक्रम गुरुवार और शुक्रवार (दो दिन) होना था। बीते बुधवार को चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट में विद्युत करंट की चपेट में आने से 16 लोगों की असमय मौत होने के बाद कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। छात्र संघ समारोह में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल सहित कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, छात्रों द्वारा बीते बुधवार से समारोह की तैयारी की जा रही थी। गुरुवार को समारोह के अतिथियों, कॉलेज प्रशासन और छात्र संघ की सहमति के बाद कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों ने चमोली जिले में हुये करंट हादसे में मारे गये लोगों के प्रति दुःख जताते हुये दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्म शांति के लिये प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में कॉलेज प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, डॉ. प्रमोद उनियाल, विजय कठैत, गौरव गुसाई, मंजू चंद, मीना सेमवाल, रामलाल नौटियाल, उदय रावत, रविन्द्र सेमवाल, मस्ता नेगी, पंकज बरवाण, मनीष राणा, राहुल बुटोला, कॉलेज शिक्षक, कर्मचारी सहित छात्र शामिल थे। (एजेंसी)

## डीएम को भेंट की पुस्तक

टिहरी : टिहरी राज विद्या केंद्र नई टिहरी से जुड़े लोगों ने मानवता एवं शांति का संदेश देने वाले प्रेम रावत की पुस्तक स्वयं की आवाज को डीएम को भेंट की।

उन्होंने कहा कि आज हर इंसान को खुद की आवाज सुनने की जरूरत है। जिससे देश, प्रदेश, समाज और गांव में शांति संभव है।

मौके पर जगजीत नेगी कमल सिंह महर, भगवान चंद रमोला, रमेश रावत, चतर सिंह, सुंदरलाल उनियाल, चंड़ी प्रसाद डबराल, किशोरीलाल चमोली आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# लाइब्रेरी की किताबें बंडलों में मंद मिलने पर भड़के डीएम

टिहरी : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला मुख्यालय के बौराड़ी में स्थित श्री देव सुमन राजकीय पुस्तकालय व घंटाघर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा को देखते हुए घंटाघर में ऊपर जानी वाली सीढ़ियों को बंद करने के निर्देश दिए। लाइब्रेरी में 3 हजार बुक्स बंडलों में बंद मिलने पर नाराजगी जाहिर की। शिक्षा विभाग को लाइब्रेरी की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

गुरुवार को डीएम मयूर दीक्षित ने पुस्तकालय के साथ ही घंटाघर का निरीक्षण किया। पुस्तकालय में रीडिंग रूम सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजा राममोहन फाउंडेशन की पुस्तकालय को दी गई 3 हजार बुक्स बंडलों के पैक मिलने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर कर कहा कि पुस्तकों को उपयोग में लाया जाय।

पुस्कालय में डीएम ने 100 साल पुराना रिकार्ड भी देखा। अध्यापकों की मदद से लाइब्रेरी को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। किताबों की छंटनी कर लाइब्रेरी को व्यवस्थिति करने को कहा। लाइब्रेरी में कम्प्यूटर लगाने, लाइब्रेरी को लेकर एनजीओ के साथ बैठक करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी देने, सीसी टीवी कैमरे लगाने, फायर सेफ्टी उपकरण लगाने, लाइब्रेरी में आने वाले बच्चों का रोस्टर बनाने, लाइब्रेरी का प्रचार-प्रसार करने तथा स्कूल कोर्स के नये सिलेबस रखवाने के निर्देश शिक्षा अधिकारियों को दिए। डीएम ने लाइब्रेरी में रिडिंग के लिए आये बच्चों से बात कर भी लाइब्रेरी को लेकर जानकारियां लीं। लाइब्रेरियन विशन सिंह रांगड़ ने बताया कि लाइब्रेरी में स्टाफ की कमी के चलते लाइब्रेरी व्यवस्थित नहीं हो पा रही है।

## होटलों में अनैतिक कार्यों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

विकासनगर। ह्यूमन राइट्स एंड आरटीआई एसोसिएशन के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने गुरुवार को एसएसआई विकासनगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिकायत की है कि विकासनगर के कुछ होटलों में बड़े पैमाने पर अनैतिक देह व्यापार कराया जा रहा है, जिससे नगर क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। ऐसे अधिकांश होटल रिहायशी इलाकों में बस्तियों के बीच में हैं। पूर्व में इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गयी थी। ऐसे में होटलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# खनिज फाउंडेशन से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य करें : डीएम

टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को खनिज फाउंडेशन से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए। खनिज फाउंडेशन से चलाई जा रही योजनाओं की वृहत जानकारी लेते हुए अधूरी योजनाओं को तत्परता से पूरी करने के निर्देश दिए।

जिला सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन न्यास टिहरी की वर्ष 2023-24 की प्रथम बैठक में डीएम ने खनन न्यास से निर्मित कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने खनन प्रभावित गांव व क्षेत्रों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश एसडीएमों को दिए। फंड से जारी परियोजना, बन्द परियोजना, साठ प्रतिशत रिलीज फंड परियोजना व ऐसे प्रोजेक्ट जो स्वीकृत हैं, लेकिन फंड जारी नहीं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं में साठ प्रतिशत फण्ड रिलीज हो चुका है, उनका यूसी फोटोग्राफ्स सहित प्राप्त करते हुए 40 प्रतिशत फण्ड के लिए मांग पत्र प्राप्त करें। खनन न्यास से प्रभावित शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिकता से काम करने को कहा। बैठक में प्रधानों ने बताया कि गत बैठक में जो प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये, उनमें से अधिकतर पर काम नहीं हुआ है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ मनु जैन, खनन अधिकारी अमित गौरव, डीईओ वीके ढौंडियाल, डीपीआरओ एमएम खान, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई विद्युत अमित आनन्द, ईई जल संस्थान प्रशान्त भारद्वाज, ईई पेयजल निगम जीतमणि बेलवाल, एई लोनिवि निशा लिंगवाल, प्रधान ग्राम मंगसू चौरास दीपिका, ग्राम नौथाणा आशा देवी, ग्राम नौर प्रीति गोदियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## हादसा टला

ऋषिकेश। एम्स हेलीपैड पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का हेलीकॉप्टर उतरते वक्त अचानक हेलीपैड पर एक स्ट्रेचर की सीट हवा में उड़कर पंखे के करीब तक पहुंच गई। गनीमत रही कि यह सीट पंखे से नहीं टकराई।

# नारायणबगड़ में कई मोटर मार्गों पर आवागमन ठप




चमोली : विगत कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र के कई मोटर मार्ग बाधित चल रहे हैं। मोटरमार्ग के बाधित होने से जहां ग्रामीणों का आवागमन ठप हो गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की कमी भी होने लग गई है। जनप्रतिनिधियों ने शीघ्र ही मोटर मार्गों को ठीक करने की मांग की है।पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नारायणबगड़ कौब मोटरमार्ग झालाटाला के समीप पुस्ता टूटने से बाधित हो गया है। जिस कारण मोटरमार्ग के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नारायण बगड़-किमोली मोटरमार्ग पर बेडुला गांव के समीप पुश्ता टूटने से मोटरमार्ग पर यातायात बाधित है। ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। नारायणबगड़ प्रखंड के कड़ाकोट पट्टी को जोड़ने वाला मोटर मार्ग परखाल-चोपता भी भंगोटा गदेरे के समीप लगातार बाधित होता जा रहा है। इस स्थान पर विभाग ने एक जेसीबी मशीन की तैनाती की है। एक सप्ताह से सड़क मार्ग नहीं खुल पाया है। इसी तरह पंती-हंसकोटी,परखाल-सिलोड़ी, नारायणबगड़-पालछूनी, नलगांव-कफारतीर मोटर मार्ग भी भारी बारिश के कारण बाधित पड़े हुए हैं। ग्राम प्रधान किमोली महिपाल सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य किमोली रणजीत सिंह ग्राम प्रधान नैनी राजवीर सिंह ग्राम प्रधान बूंगा अनीता देवी ग्राम प्रधान कौब लक्ष्मण कुमार ने बंद मोटर मार्गों को शीघ्र ही खोलने की मांग की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मोटर मार्गों को खोलने का कार्य लगातार जारी है। (एजेंसी)

## ऑक्सीजन सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, हादसा टला

टिहरी : ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग पर भरपूर के निकट ऑक्सीजन सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया। जिसमें चालक को हल्की चोट आई है। ट्रक ऋषिकेश से श्रीनगर जा रहा था।

एसएसआई अनिरुद्ध के अनुसार, गुरुवार सुबह भरपूर के निकट स्थित रेलवे कालनी के मोड पर एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। इससे उसमें रखे ऑक्सीजन सिलेंडर सड़क पर बिखर गए।

ट्रक चालक नवीन शर्मा पुत्र कृष्ण शर्मा निवासी खोपन पुर, हरिद्वार की इससे हल्की चोट आ गयी। पुलिस ने सिलेंडरों को किनारे लगवाकर ट्रक को सीधा करने के लिए हाइड्रा मशीन मंगवाई गयी है।

# गंगोत्री पांच और यमुनोत्री एनएच छह घंटे रहा ठप



उत्तरकाशी : गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे पर बारिश के कारण लगातार यातायात प्रभावित हो रहा है। गंगोत्री हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण हाईवे करीब पांच घंटे यातायात के लिए ठप रहा। जबकि यमुनोत्री हाईवे पर कई स्थानों पर भूस्खलन के चलते छह से सात घंटे अवरुद्ध रहा।

गुरुवार को तड़के गंगोत्री हाईवे पर लालढांग, हेलगूगाड़ और बंदरकोट आदि स्थानों पर मलबा आने के कारण हाईवे अवरूद्ध हो गया। बीआरओ की ओर से जेसीबी मशीन के जरिए कड़ी मशक्कत से सभी स्थानों पर करीब पांच घंटे बाद यातायात के लिए बहाल किया गया। उधर, यमुनोत्री हाईवे पर डबरकोट और झरझर गाड़ में सुबह भूस्खलन के कारण आवाजाही बंद रही। यहां दोपहर तक हाईवे पूरी तरह से यातायात के लिए सुचारू हो पाया। सुबह लगातार भूस्खलन के कारण मार्ग को खोलने में संबंधित कार्यदायी संस्था को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोनों हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन के कारण मार्ग अवरुद्ध रहने से यात्री परेशान रहे। सैकड़ों वाहन मार्ग पर जाम में फंसे रहे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे पर यातायात सुचारू है। जिले की 28 सड़कें भी बारिश के कारण बंद हैं, जिनको खोलने का प्रयास युद्धस्तर पर विभागों की ओर से जारी है। (एजेंसी)

## स्वयं के निर्माण से ही भारत निर्माण संभव

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत निर्माण में महिलाओं की भूमिकाः वैदिक काल से लेकर आजादी के अमृत महोत्सव तक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। गुरुवार को शुरू हुए इस सेमिनार में शोधार्थियों ने अपने शोध भी प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता फरीदाबाद हरियाणा के प्रो. जोरावर सिंह, महाविद्यालय गोपेश्वर के डा. मनोज नौटियाल, महाविद्यालय नैनीसैंण के डा. प्रवीण शर्मा, जेएनयू दिल्ली के डा. आशुतोष रतूड़ी, सेमिनार संरक्षक डा. कविता पाठक एवं डा. चंद्रावती टम्टा ने कहा कि स्वयं के निर्माण से ही भारत का निर्माण संभव है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी कहा कि भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका और स्पष्ट रूप से तय होगी। इसलिए भविष्य में ऐसे सेमिनार का आयोजन करने पर बल दिया। उद्घाटन समारोह के बाद देश के विभिन्न भागों से आए शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए और विशेष रूप से भारत निर्माण में महिलाओं की भूमिका का वैदिक काल से आधुनिक काल तक के सफर को अपने शोध पत्रों में दिखाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा बाहर से आए शोधार्थी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## साहिया बाजार में छह घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

विकासनगर। साहिया–चकराता मोटर मार्ग पर साहिया बाजार में सुबह सात बजे भारी भरकम वट वृक्ष अचानक टूटकर गिर गया। गनीमत रही सुबह बाजार में दुकानें खुली नहीं थीं, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया, लेकिन मोटर मार्ग पर पेड़ गिरने से करीब एक घंटे यातायात बाधित रहा। इसके साथ ही छह घंटे तक बिजली आपूर्ति ही बाधित हो गई। साहिया मुख्य बाजार में वर्षों खड़ा वट वृक्ष का एक बड़ा हिस्सा गुरुवार सुबह टूट कर गिर गया। दुकानों के ऊपर पेड़ गिरने के कुछ दुकानें आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ की कुछ शाखाएं बिजली की लाइन पर गिर गईं, जिससे छह घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली नहीं होने से लोगों को उमस भरी गर्मी ने परेशान किए रखा, वहीं जन सुविधा केंद्रों, बैंकिंग संस्थान, सरकारी कार्यालयों में इंटरनेट सेवा भी ठप हो गई, जिससे कामकाज प्रभावित हुआ। दोपहर एक बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने पर दुकानों में पंखे, कूलर चलने लगे जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को राहत मिली।

## किशोरी के अपहरण में केस दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस

विकासनगर। थाना क्षेत्र के जमनपुर क्षेत्र से चौदह वर्षीय किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की सुबह को अचानक उसकी बेटी बिना कुछ बताये घर से गायब हो गयी। बताया कि तब से न तो बेटी घर आयी और न ही कहीं उसका कोई पता चल पाया है। बताया कि उसकी बेटी अभी नाबालिग है। उसके साथ कहीं कोई अनहोनी न हो जाय।

# पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : मेयर






ऋषिकेश। हरेला पर्व के तहत रोटरी ऋषिकेश रॉयल ने ट्राजिंट कैंप और लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन ने भरत मंदिर इंटर कॉलेज में पौधे रौपे। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि पेड़–पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। अपर आयुक्त (प्रशासन) नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने कहा कि पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि रौपे गये पौधों का संरक्षण भी बेहद आवश्यक है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष विजय रावत, सचिव संदीप गोस्वामी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बिजल्वाण, संकेत गोयल, संजय सकलानी, केशव असुजा, लवित जैन, सौरभ शर्मा, कैलाश सेमवाल, सतीश पाथरी, जय सिंह, राजीव अरोरा, राजेश डावर, हितेंद्र पंवार, संजय पंवार, संजय गौड, महावीर जैन, शशि गौनियाल, राजकुमार बत्रा, शैलेश बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन ने भरत मंदिर इंटर कॉलेज खेल मैदान में फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। प्रधानाचार्य कैप्टन गोविंद सिंह रावत ने कहा कि लगातार हो रहे निर्माण के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

विकास के लिये पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। जबकि पेड़ लगाये कम जाते हैं। क्लब अध्यक्ष विकास ग्रोवर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष क्लब पौधरोपण करता है। इसमें औषधीय और फलदार पौधे होते हैं। मौके पर ललित मोहन मिश्र, महेश किंगर, सचिव विनोद बिष्ट, कोषाध्यक्ष विनीत चावला, कपिल गुप्ता, जगदीश पनेसर, कुमार गौतम, आशु डंग, अमित सूरी, दिनेश अरोड़ा, दीपेश कोहली आदि रहे।

# जनता से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगे सरकार : कांग्रेस

विकासनगर। चमोली के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में करंट फैलने से हुई दुर्घटना को कांग्रेस ने सरकार और संबंधित एजेंसी की लापरवाही करार देते हुए विकासनगर में प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस घटना के लिए प्रदेश सरकार से सार्वजनिक माफी मांगने और मृतकों के परिजनों को 50–50 लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिलक भवन में दो मिनट का मौन रखकर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी।पहाड़ी गली चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों पूरे प्रदेश में भारी बरसात और आसमानी बिजली गिरने की घटनाएं घट रही हैं। ऐसे में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में काम करने वाले मजदूरों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए थे, लेकिन चमोली में हुई घटना से राज्य सरकार, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन करने वाली आउटसोर्स एजेंसी और यूपीसीएल की लापरवाही जाहिर होती है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी दुर्घटना मानवीय लापरवाही के कारण घट गई। इसके लिए दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार किया जाना चाहिए। कहा कि सरकार को इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

## बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग

विकासनगर। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण स्थानीय लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई बार अधिक भार नहीं सहने के कारण ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाता है, जिससे बत्ती गुल हो जाती है। स्थानीय बाशिंदों ने विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने गए लोगों ने बताया कि हरिपुर में पीतांबर सिंह चौक पर लगे ट्रांसफर्मर की क्षमता बेहद कम है। एक दशक पहले लगे इस ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ी हुई आबादी का भार सहने में समर्थ नहीं है। बताया कि बुधवार रात अचानक ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया, जिससे करीब दो हजार की आबादी ने अंधेरे में रात गुजारी। बताया कि जब बस्ती में ट्रांसफार्मर लगाया गया था तब कुल आबादी ढ़ाई सौ के करीब थी, लेकिन आबादी दो हजार से अधिक हो चुकी है। लोगों के घरों में बिजली से चलने वाले उपकरणों की संख्या भी बढ़ी है। कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के कारण बस्ती के किसी भी घर में पंखा तक नहीं चल पाता है। इन दिनों उमस भरी गर्मी में बिना पंखे के घर के अंदर रहना मुश्किल हो रहा है।

# समस्याओं के समाधान के लिए प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर छात्र संघ पदाधिकारियों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए छात्र संघ अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि कॉलेज में नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो चुकी है, लेकिन वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। बताया कि पुस्तकालय में किताबों की कमी बनी हुई है, जिससे प्रत्येक छात्र–छात्रा को समय पर पाठ्य सामग्री मुहैया नहीं होती है। पीजी की कक्षाओं का संचालन शुरु हुए पांच वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी तक प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गई है। प्रत्येक विषय में तीन प्राध्यापक तैनात हैं, जबकि पांच कक्षाओं का संचालन होने के साथ ही प्रयोगात्मक कक्षाएं भी संचालित की जाती हैं। कहा कि जल्द सभी लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने पर छात्र संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# क्या इंडिया नाम रखकर विपक्ष ने तोड़ा कानून

## सवोच्च न्यायालय में यहां फंस सकता है मामला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को इंडिया नाम देकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। इस नाम को भारत के आधिकारिक नाम का दुरुपयोग बताते हुए दिल्ली के बाराखंबा थाने में 26 विपक्षी दलों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। लेकिन कानूनविदों की राय है कि चूंकि इंडिया शब्द को किसी संस्था या राजनीतिक दल के आधिकारिक नाम के तौर पर उपयोग नहीं किया गया है, इससे कोई आर्थिक लाभ लेने की कोशिश नहीं की गई है, और इसका कहीं रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया जाना है, सवोच्च न्यायालय या चुनाव आयोग में इसे गैर कानूनी नहीं ठहराया जा सकता।

हालांकि, यह किसी संस्था (यहां भारत देश) के नाम का उपयोग कर लोगों को भ्रम में डालने का मामला बन सकता है। भारतीय दंड संहिता के आधार पर यह गैरकानूनी और दंडात्मक है। इस मामले में इन राजनीतिक दलों पर कार्रवाई की जा सकती है। इन राजनीतिक दलों के द्वारा इंडिया की ओर से सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट साक्ष्य के रूप में उपयोग किये जा सकते हैं।

सवोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील माजिद मेमन ने अमर उजाला से कहा कि विपक्षी दलों के द्वारा इंडिया शब्द का उपयोग किसी भी तरह गैरकानूनी नहीं है। इस नाम का न तो कहीं रजिस्ट्रेशन कराया गया है, और न ही इससे कोई आर्थिक लाभ लेने की कोशिश की गई है, ऐसे में इसे अपराध नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि लोग अपना या अपनी संस्था का नाम भारत या हिंदुस्तानी रख लेते हैं। लेकिन यह अपराध नहीं है।

वहीं, सवोच्च न्यायालय के वकील संजीव उनियाल ने कहा कि एंब्लेम एक्ट में यह साफ कहा गया है कि राज्य के नाम या प्रतीकों का किसी व्यक्ति या निजी संस्था के द्वारा उपयोग नहीं किया जा सकता। ऐसे में विपक्षी दलों का इंडिया का नाम उपयोग करना गलत है। सवोच्च न्यायालय भी इस मामले को सही नहीं कह सकता।

सवोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील अश्विनी कुमार दुबे ने अमर उजाला से कहा कि भारतीय दंड संहिता में किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था का नाम का छद्म रूप से उपयोग करना दंडनीय अपराध है। इससे लोगों को भ्रम हो सकता है और वे किसी बहकावे में आ सकते हैं। ऐसे में इसे अपराध माना गया है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह किसी भी व्यक्ति के द्वारा अपना या अपनी संस्था का नाम सवोच्च न्यायालय, चुनाव आयोग या नीति आयोग रखने की छूट नहीं मिल सकती क्योंकि इससे लोगों को भ्रम हो सकता है, और इसका दुरुपयोग हो सकता है, उसी प्रकार इंडिया या भारत रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

हालांकि, इस संदर्भ में इंडिया की हर स्पेलिंग के बाद पूर्ण विराम का उपयोग किया गया है, इसे पूरी तरह इंडिया के नाम का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता। इसका एक संस्था या राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत न कराना भी इसके बचाव का एक कारण हो सकता है। लेकिन इस मामले में छद्म नाम का उपयोग कर लोगों को भ्रमित करने का मामला बन सकता है और इस कारण विपक्षी दलों की परेशानी बढ़ सकती है।

वरिष्ठ वकील विराग गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि विपक्षी दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के विरुद्ध पुलिस में शिकायत और कानूनी कार्रवाई का विशेष औचित्य नहीं है। इंडिया नाम से बने इस गठबंधन का चुनाव आयोग में राजनीतिक दल के तौर पर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, इसलिए आयोग भी इस बारे में कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकता।

इंडिया नाम से किसी संगठन को कानूनी तौर पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद उसका व्यावसायिक लाभ लेने के बाद, या अन्य तरीके से देश की प्रतिष्ठा के खिलाफ दुरुपयोग होने की परिस्थितियों में ही स्टेट एंब्लेम ऑफ इंडिया अधिनियम– 2005 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार कार्रवाई हो सकती है।उन्होंने कहा कि जीवित व्यक्तियों के अलावा कंपनी, ट्रस्ट और सोसाइटी आदि इस कानून के दायरे में आते हैं और वे इंडिया और भारत जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं कर सकते। इसके बावजूद अनेक अखबार, टीवी चैनल और कंपनियां इंडिया नाम का इस्तेमाल कर रही हैं। भारत में राजनीतिक दलों के सभी गठबंधन, वो चाहे एनडीए हों या यूपीए, इंडिया जैसे शब्दों का उपयोग करते रहे हैं।इनका सियासी महत्व भले ही हो, लेकिन कानून की दृष्टि में इसका विशेष महत्त्व नहीं है।

इस गठबंधन के पदाधिकारी नहीं हैं, और कोई बैंक खाता भी नहीं खोला गया है। इंडिया शब्द लघु नाम के तौर पर उपयोग किया गया है, जबकि गठबंधन का पूरा नाम अलग है। इसलिए दलों के समूह द्वारा इंडिया नाम के दुरुपयोग के मामले में वर्तमान कानून के तहत कोई आपराधिक मामला नहीं बनना चाहिए।

अंग्रेजों के समय से ही देश के नाम के अनुचित उपयोग को लेकर कानूनी प्रावधान थे। जब देश स्वतंत्र हुआ, तब भी इसके नाम के अनुचित उपयोग को लेकर हमारे संविधान निर्माता बेहद सजग थे।

देश और उसके कुछ मान्य प्रतीकों के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए ही एंब्लेम एक्ट 1950 बनाया गया था। बाद में समय–समय पर इसे संशोधित किया गया।

नवीनतम कानूनी प्रावधान को 'स्टेट एंब्लेम ऑफ इंडिया (प्रोहिबिशन ऑफ इंप्रॉपर यूज) एक्ट 2005' या संक्षिप्त में एंब्लेम एक्ट कहा जाता है। इसके अंतर्गत कोई व्यक्ति या संस्था उन शब्दों, प्रतीकों या चिन्हों का उपयोग नहीं कर सकती, जिसे भारत सरकार के संदर्भ में उपयोग किया जाता है। जैसे चार शेरों की छवि जिसे स्टांप में प्रयोग किया जाता है, उसका निजी संस्था या व्यक्ति अपने अर्थों में उपयोग नहीं किया जा सकता। यह दंडनीय अपराध है।

## इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में हमला, तीन की मौत

**क्विटो ,एजेंसी** । इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में सशस्त्र हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना बीती रात घटित हुयी। यह हमला स्थानीय समयानुसार हमला रात 8 बजे के बाद दक्षिण क्विटो के नुएवा अरोरा स्थित एक ब्यूटी सैलून में हुआ। पुलिस ने ट्वीट किया कि दो वाहनों में छह संदिग्ध आए थे। पुलिस इस घटना की जांच कर रही थी। देश के सबसे अधिक आबादी वाले शहर क्विटो में हाल के हफ्तों में शहर के विभिन्न हिस्सों में गोलीबारी की कई घटनाएं घटित हुई हैं।

## किडनी चोरी के शक पर जलती चिता से ही उठा लिया शव

**अनूपपुर, एजेंसी** । मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में किडनी चोरी के शक पर एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने चिता से ही उठाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेन्द्र गोण्ड 13 जुलाई की रात को सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका इलाज जबलपुर के एक निजी अस्पताल में चला।

उपचार के दौरान 18 जुलाई को महेंद्र की मृत्यु हो गई। 19 जुलाई को जब शव को अंतिम संस्कार के लिए नहलाया गया तो उसके पेट में चीरे लगे दिखे, जबकि महेन्द्र के सिर में चोट थी। अंतिम संस्कार के लिए महेंद्र के शव को चिता पर लेटा दिया गया था। पुलिस ने महेन्द्र के पिता की ओर् से किडनी चोरी की शिकायत मिलने के बाद तीन डाक्टरों से वीडियोग्राफ़ी के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर पुलिस अगला कदम उठायेगी।

## मुंबई अपराध शाखा कर रही है सोमैया के कथित वायरल वीडियो की जांच

**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता किरीट सोमैया के एक कथित वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है, वीडियो को एक मराठी समाचार चैनल ने भी प्रसारित किया है। अपराध शाखा के सूत्रों ने कहा कि शाखा 10 तकनीकी और साइबर विशेषज्ञों की मदद से वीडियो की प्रामाणिकता की जांच करेगी।

सूत्रों ने कहा कि अपराध शाखा उस मराठी समाचार चैनल से पूरी वीडियो क्लिप के लिए अनुरोध करेगी जिसने इसे मूल रूप से प्रसारित किया था और वीडियो की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए चैनल को एक पत्र भेजा जाएगा।

उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडऩवीस ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद पुलिस को जांच शुरू करनी पड़ी। सोमैया ने कथित वीडियो वायरल होने के बाद खुद ट्वीट कर फडऩवीस से मामले की जांच करने का आग्रह किया। सभी राजनीतिक दलों ने घटना की जांच की मांग की है।

## सदन में सार्थक चर्चा कर आम लोगों की समस्याओं का हल निकालें : बिरला

**नई दिल्ली, एजेंसी** । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के सदस्यों से आज अपील की कि वे सदन में जनहित एवं देशहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा कर आम लोगों की समस्याओं का हल निकालें। बिरला ने अपने ट्विट में कहा, संसद का मॉनसून सत्र आज प्रारंभ हो रहा है। लोक सभा में सभी दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों से आग्रह है कि देशहित तथा जनहित के विषयों पर सदन में सार्थक संवाद हो। चर्चा के जरिए आमजन की कठिनाइयों का समाधान कर हम देश को प्रगति पथ पर गतिमान करें।

## रायगढ़ में बड़ा हादसा: भूस्खलन की चपेट में आया पूरा गांव, पांच की मौत– 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

**महाराष्ट्र, एजेंसी** । महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां भारी बारिश के बाद भूस्खलन आने से पूरा गांव ही चपेट में आ गया है। इस हादसे में करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की 4 टीमें स्थानीय प्रशासन के साथ बचाव कार्यों में जुटी हैं। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। भूस्खलन की इस घटना में अभी और लोगों के दबे होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार खालापुर कस्बे के निकट भारी बारिश के कारण एक आदिवासी गांव इरसाल वाड़ी पर पहाड़ी खिसक गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग मलबे के नीचे दब गए। राज्य सरकार में मंत्री उदय सामंत के अनुसार, इस घटना में बचाव कार्य जारी है। अब तक 100 लोगों को बचाया गया है। इस भूस्खलन में आदिवासी लोगों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## विदेश में बढ़ाया भारत का मान, सात वर्षीय छात्रा ने जीता पीएम प्वॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार

**लंदन, एजेंसी।** भारतीय मूल की सात वर्षीय लडक़ी मोक्षा रॉय को तीन साल की उम्र से बच्चों के लिए धन जुटाने सहित कई अन्य पहलों के लिए स्वेच्छा से काम करने को ब्रिटिश प्रधान मंत्री प्वॉइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पिछले सप्ताह ब्रिटिश उपप्रधान मंत्री ओलिवर डाउडेन से पुरस्कार प्राप्त करने वाली मोक्षा रॉय ने माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) पहल के लिए स्वेच्छा से अपनी यात्रा शुरू की।इस पहल का कैंटरबरी के आर्कबिशप और संयुक्त राष्ट्र टास्क फोर्स ने समर्थन किया।

## कमलेपुर में दो पक्षों में बवाल, जमकर हुआ पथराव

### तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात



**रुड़की, एजेंसी।** रुड़की के कमलेपुर गांव में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर बवाल हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव किया गया। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। अब तक दोनों पक्षों में से किसी ने तहरीर नहीं दी है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित कमेलपुर गांव में गुलबहार और कामिल पक्ष के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। करीब एक माह पूर्व भी दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। उस दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।

बताया जा रहा है कि एक पक्ष के यहां कुछ रिश्तेदार आए थे। इस पर दूसरे पक्ष को शक हुआ कि विवाद के लिए रिश्तेदारों को बुलाया गया है।

इस पर दूसरे पक्ष के लोग जमा हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और गाली–गलौज हो गई।

मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर पथराव कर दिया। पथराव से गांव में भगदड़ मच गई। आरोप है कि इस बीच एक पक्ष ने फायरिंग भी की। बवाल की सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी बीएल भारती पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और मामला शांत कराया। इस बीच दोनों पक्ष घर से फरार हो गए।

गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि अब तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। पथराव करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है।

कमेलपुर गांव में दो पक्षों में हुए पथराव और फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पक्ष सड़क और दूसरा पक्ष छत से पथराव करता नजर आ रहा है। पुलिस वीडियो के आधार पर दोनों पक्षों के लोगों की पहचान कर रही है।

## पुलवामा जिले में आतंकवादी हमले में एक वन कर्मचारी की मौत

**श्रीनगर,एजेंसी** । जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादी हमले में एक वन कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि दोनों घायल वनकर्मियों की पहचान मोहनू, बडगाम के चरार–ए–शरीफ के इमरान यूसुफ वानी और गोगजीपाथेर, बडगाम के वनपाल जहांगीर अहमद चेची के रूप में हुई है।

दोनों को कल रात पुलवामा में बांगेंडर पुल के पास आतंकवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल इमरान ने दिन में दम तोड़ दिया।

वन संरक्षक इरफान रसूल ने कहा कि इमरान ने बहुमूल्य प्राकृतिक खजानों की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी। इरफान ने ट्वीट किया, 'आज, हम अपने गुमनाम नायक, निडर वन फ्रंटलाइन कार्यकर्ता इमरान यूसुफ वानी के निधन पर शोक मनाते हैं, जिन्होंने हमारे बहुमूल्य प्राकृतिक खजाने की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी।'

पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी मिली कि आतंकवादियों ने पड़ोसी जिले बडगाम के वन विभाग की एक टीम पर गोलीबारी की है, जिससे दो कर्मचारी घायल हो गए हैं। वनकर्मियों ने बांगेंडर पुल के पास लकड़ी तस्करों को पकडऩे के लिए एक चौकी बनाई थी।

## मंत्री के भतीजे की दबंगई! शराब के नशे में होटल में की तोडफ़ोड़, स्टाफ को भी पीटा

**जयपुर एजेंसी** । राजस्थान के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के भतीजे हर्षदीप की दबंगई का मामला सामने आया है। दबंगई की घटना जयपुर के होटल काउंटी की है। हर्षदीप ने होटल में तोडफ़ोड़ कर दी। हर्षदीप ने होटल के गेस्ट के साथ कर्मचारियों से साथ भी मारपीट की। घटना जयपुर के पॉश इलाके वैशाली नगर की है। होटल मालिक अभिमन्यु सिंह के पिता भवानी सिंह की शिकायत पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने बुधवार को हर्षदीप खाचरियावास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

होटल मालिक अभिमन्यु ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब 10.30 बजे हर्षदीप सिंह खाचरियावास अपने कुछ दोस्तों के साथ होटल में आया था। इस दौरान हर्षदीप और उसके साथियों की होटल में आए एक गेस्ट से कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद गेस्ट अपने कमरे में चला गया तो हर्षदीप ने होटल स्टाफ से उसके कमरे का नंबर मांगा। होटल स्टाफ ने नंबर देने से मना किया तो हर्षदीप ने तोडफ़ोड़ करना शुरू कर दी। होटल स्टाफ ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

तोडफ़ोड़ के दौरान हंगामा बढ़ा तो रात करीब 3 बजे होटल के अन्य गेस्ट भी लॉबी में आ गया। इस दौरान पुलिस के सामने हर्षदीप और उसके साथियों ने गेस्ट और स्टाफ के साथ मारपीट की।

## असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिश्व शर्मा से पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी ने की बैठक

**गुवाहाटी,एजेंसी** । बिहार की प्रगति और बिहारियों के उत्थान के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी निरंतर प्रयासरत रहते है। काफी अधिक संख्या में बिहार के लोग भारत के अन्य राज्यों में आजीविका के लिए रहते है। संबंधित राज्य की प्रगति में जीतोड़ मेहनत कर अपना योगदान दे रहे है।

ऐसे लोग जो बिहार में स्थित अपना घर–द्वार छोडक़र अन्य प्रदेशों में रह रहे है वहां की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उनकी प्रगति के लिए और उन्हें योजनागत लाभ दिलाने के लिए अन्य राज्यों की सरकारों से भी निरंतर संवाद कायम रखते है।

इसी संदर्भ में बुधवार 19 जुलाई को असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिश्व शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रुडी ने मुख्यमंत्री को बिहार के लोगों के असम में रहने और वहां के विकास में योगदान देने के मुद्दे को उठाया और उनके कल्याण के लिए मुख्यमंत्री से गुजारिश की। एक घंटे की बैठक के दौरान एयरो क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष होने के नाते सांसद रुडी ने फ्लाईंग ट्रेनिंग का विस्तार पूर्वोत्तर क्षेत्र में करने के विषय पर भी विमर्श किया और वैमानिकी प्रशिक्षण के संदर्भ में भी चर्चा हुई।राजीव प्रताप रूडी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रवासी श्रमिक भारतवर्ष में एक बहुत कार्यबल है और राज्यों के साथ–साथ देश के विकास का एक अहम हिस्सा है जिनका अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान होता है। परन्तु राज्य सरकारों की नीतिगत खामियों के कारण प्रवासी श्रमिकों को उत्पीडऩ का शिकार होना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कभी–कभी इन प्रवासी श्रमिकों को कई आकस्मिक दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप कभी–कभी उनकी मौत या स्थायी अंग भंग होने से दिव्यांग हो जाते है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकारें अपनी योजनाओं और कल्याणकारी पहल से

## सिंगापुर में सिख व्यक्ति ने 4 लाख 80 हजार डॉलर की हेराफेरी किया स्वीकार

**सिंगापुर , एजेंसी।** पूर्व वकील 70 वर्षीय सिख ने स्वीकार किया है कि उसने सिंगापुर में अपने तीन ग्राहकों द्वारा उसे सौंपे गए लगभग 4 लाख 80 हजार डॉलर का दुरुपयोग किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

गुरदैब सिंह पाला सिंह को लगभग 459,000 डॉलर के आपराधिक विश्वासघात और कानूनी पेशा अधिनियम के तहत अपराध के दो मामलों में दोषी ठहराया गया।सजा सुनाए जाने के दौरान 21,000 डॉलर से जुड़े तीसरे आपराधिक विश्वास उल्लंघन के आरोप पर विचार किया जाएगा। सिंह ने 2011 और 2016 के बीच अपराध किए जब वह गुरदैब चेओंग एंड पार्टनर्स (जीसीपी) में वकील थे। 2018 में नाम हटाए जाने के बाद भी उन्होंने एक व्यक्ति के वकील के रूप में काम करना जारी रखा। ज़ुल्किफली उस्मान नाम के एक व्यक्ति ने दिसंबर 2010 में अपने दिवंगत पिता के फ्लैट की बिक्री के लिए जीसीपी की सेवाएं लीं, जिसे 2011 में बेचा गया और फर्म को 356,000 सिंगापुरी डॉलर से अधिक की आय प्राप्त हुई। ज़ुल्किफ़ली और सिंह के बीच यह सहमति हुई कि उस राशि में से, ज़ुल्किफ़ली के भाई को 138,876.50 सिंगापुरी डॉलर प्राप्त होंगे।

इसके बाद, ज़ुल्किफ़ली ने 15 दिसंबर, 2011 को बिक्री आय में अपने भाई के हिस्से के रूप में एस्क्रो में रखे जाने वाले जीसीपी के ग्राहक खाते में 138,876 सिंगापुरी डॉलर जमा कर दिए। लेकिन 20 दिसंबर, 2011 और 3 मई, 2012 के बीच, सिंह ने फर्म के कार्यालय खर्चों जैसे अन्य मामलों के भुगतान के लिए चेक जारी करके जीसीपी के ग्राहक खाते में ज़ुल्किफली के धन का दुरुपयोग किया। ज़ुल्किफली ने अगस्त 2012 और जुलाई 2014 के बीच सिंह से पैसे का एक हिस्सा निकालने के लिए तीन बार अनुरोध किए।

## चंबा के बाद अब किन्नौर में फटा बादल, कई गाडियां बहीं, हाईवे बंद–अलर्ट जारी

**किन्नौर, एजेंसी** । हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के कामरू और टोंगचे नाला में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में 12 परिवारों के सेब के बगीचे पूरी तरह तबाह हो गए। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन बागवानों की सालभर की सेब बगीचों की मेहनत मिट्टी में मिल गई।इस घटना में करीब 20–25 गाडियां फ्लैश फ्लड में बह गई। बताया जा रहा है कि यह घटना गुरुवार की सुबह हुई है। छितकूल से पहले सांगला के कामरू गांव में भारी बारिश हुई और ऐसी तबाही मची। बताया जा रहा है कि फ्लैश फ्लड की वजह से जो मलबा आया है ।




सम्पादकीय

# मजाक बनी सरकारी सूची

उत्तराखंड नागरिकों को उचित दरों पर सब्जियां मुहैया कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने मूल्य सूची जारी की है लेकिन इस सूची का असर राज्य के किसी भी जनपद में नजर नहीं आ रहा है। राजधानी देहरादून की बात करें तो यहां भी जिला प्रशासन ने सब्जियों की मूल्य सूची प्रकाशित की है और यही दरों के आधार पर फुटकर विक्रेताओं को सब्जियां बेचने के लिए निर्देशित किया है। प्रशासन की सूची को देखे तो लगता है सब कुछ बेहद आसानी से सहज सुलभ है और इसी मूल्यों पर भी यदि साग सब्जी उपलब्ध होती है तो आसमान छू रही महंगाई से कुछ तो राहत जरूर मिलेगी। जिला प्रशासन की सूची और जमीनी हकीकत में विशाल अंतर है और दरें कहीं से भी सूची और बिक्री में मेल नहीं खाते। अजीब बात तो यह है कि प्रशासन की ओर से सर्वाधिक चर्चाओं में रहने वाला टमाटर ६८ रुपए प्रति किलो बेचने को निर्देशित किया गया है लेकिन आज ही मंडियों एवं अन्य सब्जी की दुकानों पर इसकी कीमत 80 से 120 बनी हुई है। अदरक 80 किलो बताया गया है जो 300 किलो से नीचे देहरादून नगर में कहीं उपलब्ध नहीं है। आखिर यह कैसी सूची है और किस आधार पर जिला प्रशासन ने जारी की है यह समझ से परे है। प्रशासन की ओर से केवल मूल्य सूची जारी कर अपनी औपचारिकताएं पूरी करना ही प्रतीत होता है, जबकि इन सूचियों के आधार पर एक भी खाद्य वस्तु शहर की मंडियों में उपलब्ध नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से मंडियों में जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए छापेमारी की गई थी और कुछ दुकानों पर नोटिस भी चस्पा किए गए थे लेकिन ना तो इन नोटिस का कारोबारियों पर फर्क पड़ा और ना ही दामों में किसी प्रकार की कोई बड़ी राहत ही देखने को मिली। असल में मूल्य सूची का असर तब दिखाई पड़ता जब मंडियों में प्रवर्तन दल बनाकर छापे मारे जाते और कर्मचारी स्वयं ग्राहक बनकर वस्तु की खरीदारी करते। हालांकि अधिकारी व कर्मचारी हकीकत से नावाकिफ होंगे, यह संभव नहीं है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े स्तर पर सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत आखिर प्रशासन जुटाए तो कैसे? पहले से ही दामों को लेकर बवाल मचा हुआ है और यदि कहीं जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद कहीं सब्जी विक्रेताओं ने शटर डाउन कर दिए तो एक और मुसीबत खड़ी हो सकती है। प्रशासन की ओर से भी औपचारिकताओं की छापामारी कर दैनिक तौर पर सब्जियों के दामों की सूची जारी तो की जा रही है लेकिन इन दामों को प्रभावी बनाने का कोई प्रयास नजर नहीं आ रहा है।

जिला प्रशासन की सूची और फुटकर दामों में भारी असमानताएं हैं, इस सूची के अनुसार कहीं कोई वस्तु प्रति किलोग्राम उपलब्ध नहीं है। उल्टे इन प्रशासनिक दामों के कारण अब मंडियों में ग्राहकों व फुटकर विक्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति भी देखी जा रही है, जहां एक तरफ ग्राहक सरकारी सूची की बात करते हैं लेकिन फुटकर विक्रेता दामों पर सब्जियां देने को राजी नहीं है। सब्जियों के दामों में भारी उछाल के बाद लोगों में व्यवस्थाओं के प्रति नाराजगी के बाद ही शायद मंडियों में छापामारी की औपचारिकताएं निभाई गई थी और जो सूची जारी की जा रही है वह भी महज लीपापोती से अधिक और कुछ साबित नहीं हो रही है। सूची का असर शायद तब देखने को मिलता जब छापा दल मंडियों में फुटकर बिक्री के दामों की पुष्टि करते और सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ तय दाम से अधिक लेने पर कार्रवाई करते। बरहाल जनता को अभी नियंत्रित दामों के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

# भाजपा को अपनी चुनौतियां पता हैं




दिल्ली में एनडीए के नए व पुराने सहयोगियों की बड़ी बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पिछले चुनाव से पहले ऐसी कोई कवायद नहीं हुई थी क्योंकि इसकी जरूरत नहीं महसूस की गई थी। तब विपक्ष एकजुट नहीं था और भाजपा के पुराने सहयोगी उसके साथ थे। पंजाब में अकाली दल, बिहार में जनता दल यू और महाराष्ट्र में शिव सेना उसके साथ थी। आज वह स्थिति नहीं है इसलिए भाजपा को भी मजबूत गठबंधन बनाने की जरूरत महसूस हो रही है। तीसरी बाहरी मुश्किल नैरेटिव की है। नरेंद्र मोदी विकास के दावे और विपक्ष के भ्रष्ट होने के नैरेटिव पर चुनाव जीते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने मुंह से कहा था कि वे ऊपर से नीचे तक राजनीति की सफाई करेंगे। लेकिन राजनीति की सफाई नहीं हुई। उलटे समय के साथ संसद के दोनों सदनों में दागी और करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती गई।

**अजीत द्विवेदी**

कोई भी चुनाव आसान नहीं होता है और भारतीय लोकतंत्र की यह खूबी रही है कि जिस पार्टी या नेता ने आसान मान कर चुनाव लड़ा उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत में चुनावों की एक खासियत यह भी रही है कि जिस समय कोई पार्टी जीत के अति आत्मविश्वास में रही उसी समय मतदाताओं ने उसको सबसे बड़ा झटका दिया। राष्ट्रीय चुनावों के इतिहास में 2004 के चुनाव को इसकी मिसाल के तौर पर पेश किया जाता है। उस समय भाजपा अपनी जीत के सर्वाधिक भरोसे में थी लेकिन हाशिए में पहुंच गई कांग्रेस ने उसे हरा दिया। अगले चुनाव को लेकर भी भाजपा के नेता उसी तरह आत्मविश्वास में हैं। पंरतु इस बार फर्क यह है कि भाजपा को अपनी चुनौतियों का पता है। उसे एकजुट विपक्ष की ताकत और नरेंद्र मोदी के 10 साल के राज को लेकर बन रहे सत्ताविरोधी माहौल का अंदाजा भी है। तभी वह चुनाव के एक साल पहले से तैयारियों में जुट गई है।

भाजपा की मुश्किल दो तरह की है। एक मुश्किल अंदरूनी है और दूसरी बाहरी। बाहरी मुश्किल का मतलब विपक्ष की चुनौती से है। इससे पहले 2019 के चुनाव में विपक्ष चुनौती देने की स्थिति में नहीं था। लोकसभा चुनाव पुलवामा कांड और उरी व बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक की पृष्ठभूमि में हुए थे। बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता चरम पर थी। साथ ही अपनी सरकार के पहले पांच साल में नरेंद्र मोदी ने दर्जनों योजनाएं शुरू की थीं, जिनसे आम लोगों में अपना जीवन बदल जाने की उम्मीद बंधी थीं। लोग अच्छे दिन आने का इंतजार कर रहे थे और उनको लग रहा था कि सरकार की योजनाएं अगर पूरी होती हैं तो निश्चित रूप से अच्छे दिन आएंगे। पहले पांच साल में सरकार का फोकस राजनीति पर कम और योजनाओं पर ज्यादा था। तभी लोगों ने पहले से ज्यादा बहुमत देकर नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया।

मोदी का दूसरा कार्यकाल लोगों की उम्मीदें पूरी करने वाला नहीं साबित हुआ, बल्कि विवादित राजनीतिक फैसलों का रहा और विपक्षी पार्टियों की साख बिगाड़ने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने वाला रहा। पहले कार्यकाल में जो योजनाएं शुरू हुई थीं उनको पूरा करने का प्रयास कहीं नहीं दिखा। काला धन वापस नहीं आया। स्मार्ट सिटी नहीं बनी। मेक इन इंडिया का अभियान कहीं नहीं पहुंचा। महंगाई कम होने की बजाय आसमान छूने लगी। पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं हुए। डॉलर की कीमत 80 से ऊपर पहुंच गई। स्वच्छता अभियान और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा बन कर रह गया। सो, दूसरा कार्यकाल मोहभंग वाला रहा। भले वह प्रत्यक्ष नहीं दिख रहा हो या सोशल मीडिया में हिंदू-मुस्लिम के नैरेटिव से उसे दबाया जा रहा हो लेकिन सत्ता विरोध की अंतर्धारा हकीकत है। भाजपा के नेता इस बात को समझ रहे हैं।

दूसरी बाहरी मुश्किल विपक्ष का गठबंधन है। भाजपा ने पहले इसे गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन पटना की बैठक के बाद उसे गंभीरता समझ में आई। पहली बार उसको लगा कि विपक्षी पार्टियां अपने निजी हितों को छोड़ कर साथ आ सकती हैं। सचमुच आमने सामने का मुकाबला बन सकता है। तभी उसके बाद विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास तेज हुआ, जिसके तहत महाराष्ट्र में एनसीपी को तोड़ा गया। दूसरा काम यह हुआ कि ठंडे बस्ते में डाल दिए गए एनडीए को झाड़-पोंछ कर मुकाबले के लिए तैयार किया गया। दिल्ली में एनडीए के नए व पुराने सहयोगियों की बड़ी बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पिछले चुनाव से पहले ऐसी कोई कवायद नहीं हुई थी क्योंकि इसकी जरूरत नहीं महसूस की गई थी। तब विपक्ष एकजुट नहीं था और भाजपा के पुराने सहयोगी उसके साथ थे। पंजाब में अकाली दल, बिहार में जनता दल यू और महाराष्ट्र में शिव सेना उसके साथ थी। आज वह स्थिति नहीं है इसलिए भाजपा को भी मजबूत गठबंधन बनाने की जरूरत महसूस हो रही है।

तीसरी बाहरी मुश्किल नैरेटिव की है। नरेंद्र मोदी विकास के दावे और विपक्ष के भ्रष्ट होने के नैरेटिव पर चुनाव जीते थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने मुंह से कहा था कि वे ऊपर से नीचे तक राजनीति की सफाई करेंगे। लेकिन राजनीति की सफाई नहीं हुई। उलटे समय के साथ संसद के दोनों सदनों में दागी और करोड़पति सांसदों की संख्या बढ़ती गई। दूसरी पार्टियों के भी जितने आरोपी और दागी नेता थे उनमें से बहुत से नेता भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री आज भी विपक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं लेकिन अब ये आरोप लोगों के मन में विपक्ष के प्रति गुस्सा नहीं पैदा कर रहे हैं, बल्कि इनसे भाजपा का अपना दोहरा रवैया जाहिर हो रहा है। विकास के मामले में भी भारत पिछड़ गया है तभी 2022 के लिए तय किए तमाम लक्ष्य 2047 तक बढ़ा दिए गए हैं। अब भारत को अमृतकाल में यानी अगले 24 साल में विकसित बनाने का वादा किया जा रहा है। परंतु यह ध्यान रखने की बात है कि 10 साल राज करने के बाद कोई भी सरकार सिर्फ वादों पर वोट नहीं ले सकती है। सो, भाजपा के पास नैरेटिव की कमी है।

इन बाहरी मुश्किलों के साथ साथ भाजपा के सामने आंतरिक चुनौतियां भी हैं। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की हार में इस आतंरिक चुनौती का बड़ा हाथ रहा। असल में भाजपा के 10 साल के शासन में दो काम मुख्य रूप से हुए हैं। एक सत्ता का केंद्रीकरण हुआ है। भाजपा जैसी विकेंद्रित पार्टी के लिए यह नई बात थी। जिस पार्टी में छोटे नेता और कार्यकर्ता की पहुंच भी शीर्ष तक थी वहां सब कुछ चंद लोगों के हाथ में सिमट गया। थोड़े समय के बाद यह आम कार्यकर्ता और मध्य व निचले क्रम के नेताओं के लिए बहुत बेचैनी पैदा करने वाला था। उसके बाद दूसरा काम दूसरी पार्टियों से तोड़ कर नेताओं को भाजपा में लाना था। दूसरी पार्टियों के नेताओं और लैटरल एंट्री से पार्टी में आने वाले यानी रिटायर अधिकारियों आदि की वजह से पार्टी के पुराने और प्रतिबद्ध नेताओं के लिए अवसर कम हुए। उनको लगने लगा कि भाजपा में उनकी महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकती हैं। ध्यान रहे किसी पार्टी का टूटना या नेताओं का पार्टी छोड़ना बुरा है लेकिन उससे ज्यादा बुरा होता है कि पार्टी के अंदर नेताओं व कार्यकर्ताओं का उत्साह खत्म होना, यही भाजपा के साथ हुआ है। नेताओं का उत्साह खत्म है और उनके अंदर कोई बड़ा मोटिवेशन नहीं बचा है। दूसरे नेताओं के आने और राज्यों में सरकार बनाने के लिए होने वाली जोड़-तोड़ ने वैचारिक भटकाव पैदा किया और इससे भी आम नेता, कार्यकर्ता और यहां तक कि प्रतिबद्ध मतदाता भी प्रभावित हुआ है।

तभी सब कुछ होने के बावजूद भाजपा मुश्किल में है। भाजपा सबसे बड़ी और मजूबूत पार्टी है, मोदी के मुकाबले कोई मजबूत विपक्षी नेता नहीं है और सूचना प्रवाह को नियंत्रित करने का पूरा साधन भाजपा के पास है। फिर भी उसके लिए लड़ाई कठिन हो गई है।

10 साल में सरकार ने क्या किया बनाम 24 साल में क्या करेंगे के बीच तुलना हो रही है। भाजपा की ओर से जन कल्याण के काम गिनाए जा रहे हैं लेकिन जो काम भाजपा बता रही है वही काम उससे बेहतर तरीके से राज्यों में सरकारें कर रही हैं। इसलिए उसमें अब कोई नयापन नहीं है। उलटे धीरे धीरे किसान आंदोलन से लेकर पहलवान आंदोलन और मणिपुर हिंसा से लेकर चीन के अतिक्रमण तक की बातें लोगों के दिमाग में जगह बना रही हैं। भाजपा के लिए अच्छी बात यह है कि उसके नेता इन चुनौतियों को समझ रहे हैं इसलिए उनके निपटने के उपाय कर रहे हैं।

# मोदी व विभाजित फ्रांसिसी जनमत

पश्चिमी सरकारों की चिंता अपनी भू-राजनीतिक रणनीति और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था है। चीन के खिलाफ रणनीति में भारत सहायक भूमिका निभा सकता है और हथियारों के सबसे बड़े आयातक इस देश को अपने हथियार बेचे जा सकते हों, तो वे अपने घोषित उसूलों को छोडऩे के लिए सहज तैयार हैं।

हाल की दो प्रमुख विदेश यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह जरूर अहसास हुआ होगा कि अब उन्हें खासकर पश्चिमी देशों में विभाजित जनमत का सामना करना पड़ रहा है। निसंदेह वहां की सरकारें उन्हें सम्मान में एक दूसरे-से आगे निकलने की होड़ में शामिल दिखती हैं, लेकिन बौद्धिक वर्ग, मीडिया का बड़ा हिस्सा और सिविल सोसायटी के संगठन उनकी यात्रा को उनकी सरकार की 'अल्पसंख्यक, लोकतंत्र और निजी स्वतंत्रता' विरोधियों पर अपना विरोध जताने का मौका बना रहे हैं। जून में हुई अमेरिका यात्रा के दौरान इस विरोध के कारण सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए इतनी असहज स्थिति पैदा हुई कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के बचाव में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को मोर्चा संभालना पड़ा। इसी प्रयास में उन्होंने भारत के बारे में एक ऐसी टिप्पणी की, जिससे भारत में एक बड़े तबके की भावनाएं आहत हुईं। अब ऐसा ही फ्रांस में देखने को मिला है। फ्रांस सरकार ने प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया।

लेकिन इसी मौके पर यूरोपीय संसद में मणिपुर के हालात के बारे में प्रस्ताव पारित हुआ, फ्रांस के सबसे प्रतिष्ठित अखबार ला मोंद ने मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ कड़ी टिप्पणी, वामपंथी नेता ज्यां लुक मेलेन्शॉ ने बास्टिल डे समारोह में मोदी को बुलाने के खिलाफ कड़ा बयान जारी किया, और मशहूर अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी सहित कई बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को पत्र लिख कर 'भारत की स्थिति' पर मोदी से बात करने की अपील की। तो साफ है कि भारत को लेकर पश्चिम के लोकतंत्र और आधुनिकता समर्थक समूहों और वहां के सत्ता प्रतिष्ठानों के बीच गहरे मतभेद उभरने लगे हैं। सरकारों की चिंता अपनी भू-राजनीतिक रणनीति और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था है। अगर चीन के खिलाफ उनकी रणनीति में भारत सहायक भूमिका निभा सकता है और दुनिया में हथियारों के सबसे बड़े आयातक इस देश को अपने हथियार बेचे जा सकते हों, तो वे अपने घोषित उसूलों को छोडऩे के लिए सहज तैयार हैं। लेकिन यही बात उनके पूरे जनमत के बारे में नहीं कई जा सकती। इसलिए अब प्रधानमंत्री का पश्चिमी देशों में सामना बंटे हुए जनमत से हो रहा है।

## मोदी एडवांटेज की जगह भाजपा चिराग, राजभर भरोसे?

चुनावी राजनीति में भाजपा का सबसे बड़े एडवांटेज नरेंद्र मोदी हैं। इसके अलावा हर मामले में विपक्षी पार्टियां भारी हैं। राज्यों में भाजपा नेताओं से ज्यादा मजबूत नेता कांग्रेस या दूसरी प्रादेशिक पार्टियों में हैं। उत्तर प्रदेश, असम जैसे एक दो राज्य छोड़ दिए जाएं तो हर राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री या प्रदेश के दूसरे नेताओं के मुकाबले ज्यादा बड़ा नेता विपक्ष का है। तभी केंद्र सरकार से लेकर भाजपा तक का पूरा प्रचार सिर्फ मोदी के चेहरे पर केंद्रित रहता है। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि पार्टी यह एडवांटेज गंवा रही है। जिस तरह विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का मुकाबला करने के लिए भाजपा ने 38 पार्टियां जुटाईं और उसके लिए जिस तरह के समझौते किए जाने की खबरें आईं उससे यह मैसेज गया कि भाजपा कमजोर हुई है और मोदी को भी अपने करिश्मे पर भरोसा नहीं रह गया है।

# मणिपुरः भविष्य की भारत झांकी

**आदिवासी जुआन वैफेई न केवल हथियारों से लैस है, बल्कि मारने और मरने के लिए भी तैयार है। वह पूरा दिन एक अस्थायी बंकर की सैंडबैग की दीवारों के पीछे रहता हैं। उसकी उंगलियां 12-गेज शॉटगन के ट्रिगर पर टिकी होती हैं। दूसरी तरफ उसकी बंकर के लगभग एक हजार गज आगे, लंबी हरी घास और जंगली फूलों के मैदान के बीच मैती हिंदू हैं, जो आदिवासी कुकी जैसी ही सैंडबैग किलेबंदी के पैरापेट से नजर रख रहे हैं और वे भी सशस्त्र तथा तैयार हैं।राज्य की तलहटी के कांगवई गांव में ऊपर से नजर रख रहे ड्रोन के शोर में एक आदिवासी का कहना था- केवल एक चीज जो हमारे दिमाग को पार करती है वह यह है कि क्या वे हमसे संपर्क करेंगे; क्या वे आएंगे और हमें मार डालेंगे? यदि वे हथियारों के साथ आते हैं, तो हमें सब कुछ भूलना होगा और अपनी रक्षा करनी होगी।**

**हरिशंकर व्यास**

उफ! दिल-दिमाग को दहला देने वाली तस्वीरें। मैं भारतवादी हूं, सनातनी हिंदू हूं और राष्ट्रवादी भी। तभी तस्वीरों ने मुझे ऐसा झिंझोड़ा जो मैं गारंटीशुदा लिख दे रहा हूं कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह हिंदुओं से वह धोखा कर रहे हैं, जिससे दस-बीस साल बाद ही भारत बिखरता हुआ होगा। भारत गृहयुद्धों में हांफता हुआ होगा। हां, एक नहीं कई गृहयुद्ध! यदि इसकी झांकी देखनी हो तो उन हिंदुओं को मणिपुर जाना चाहिए जो अज्ञानता में मान रहे हैं कि मोदी-शाह टुकड़े-टुकड़े गैंग को मारने वाले राष्ट्रवादी हैं। भक्त हिंदुओं को अपने आपसे यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या उन्हें पता है कि मणिपुर में कैसे हिंदू और आदिवासी एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने हैं? मैं नहीं मानता कि आदिवासी ईसाई या बौद्ध होने से अहिंदू हैं, विदेशी या विधर्मी हैं। तभी खौफनाक रियलिटी है जो मणिपुर में हिंदू और आदिवासी के रिश्तों में वे गहरे घाव बने हैं जो शायद ही कभी भरे। दोनों समुदाय सशस्त्र तैयारियों के साथ, अपनी सुरक्षा के लिए एक-दूसरे से लडऩे के वास्ते अपने-अपने बाड़े बना बैठे हैं। किलेबंदी करके जी रहे हैं!

दो महीने हो गए हैं। हमें नहीं मगर दुनिया को गृहयुद्ध के कगार पर मणिपुर के होने की खबर है। इसी गुरूवार को यूरोपीय संघ की संसद ने मणिपुर पर चर्चा की। प्रस्ताव पास किया। यूरोपीय संसद ने मणिपुर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को हटाने और इंटरनेट बहाल करने की मांग की। यह वही संसद है, जिसका फ्रांस सिरमौर है। सोचें, एक तरफ फ्रांस के नेता प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रीय सम्मान कर रहे थे वही दूसरी तरफ उसी दिन यूरोपीय संघ के उसके सांसद मणिपुर पर चर्चा करते हुए भारत की वैश्विक बदनामी करते हुए थे!

हां, मोदी सरकार ने भारत के लोगों से, हम हिंदुओं से रियलिटी छुपाई हुई है, जबकि दुनिया



जाने हुए है कि मणिपुर गृहयुद्ध के कगार पर है। सुधी पाठकों से आग्रह है कि इंटरनेट पर अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसी एपी की एक ताजा रिपोर्ट इस लिंक से देखें।

संभव है सरकार इस रिपोर्ट को आगे गूगल से ही हटवा दे। मैं इस रिपोर्ट और फोटो को छापना चाहता था। लेकिन 'नया इंडिया' की मजबूरी है। हमारे पास इतना पैसा नहीं है जो फोटो-रिपोर्ट खरीद कर छाप सकें। यदि 'नया इंडिया' के पास साधन और पैसा होता तो हम खुद मणिपुर जा कर आंखों देखी सच्चाई बताते। और उससे शायद मोदी सरकार का भी भला होता। सोचें, क्या अमित शाह को पता होगा कि मणिपुर में लोगों के दिल कैसे टुकड़े हुए? मेरा मानना है कि अमित शाह को वही समझ है जो उन्हे अफसर, हिमंता सरमा या मुख्यमंत्री बता रहे हैं!

तभी सोचें, मोदी सरकार से कितनी तरह की बरबादियां हैं कि देश के छोटे-छोटे इलाके भी पानीपत के मैदान बन रहे हैं लेकिन न खुद गृह मंत्रालय को सुध है और न आम भारतीय के पास जानने-समझने के वे साधन हैं, जिनसे दूर की रियलिटी जान सकें।

बहरहाल एपी रिपोर्ट की तस्वीरों से जाहिर सच्चाई है कि तीन मई 2023 को मणिपुर में मैती हिंदू बनाम आदिवासी कुकी में जो हिंसा हुई, वह दो महीने बाद अब किलेबंदी में, लड़ाई की सशस्त्र तैयारी में कनवर्ट है। दोनों समुदायों में ऐसी घनी नफरत बनी है कि एक-दूसरे पर विश्वास लौटेगा ही नहीं। फोटो देख लगेगा कि मणिपुर जैसे पानीपत की लड़ाई का स्थायी मैदान हो गया है। पहाड़ी इलाकों में आदिवासी लोग मैदानी लोगों को घुसने नहीं दे रहे। चुराचंदपुर (जहां से हिंसा शुरू हुई) में आदिवासी हथियार सहित अपनी बंकरों से प्रतिद्वंद्वी हिंदू मैती की बंकरों पर नजर रख रहे हैं। हिंसा से पहले 32 वर्षीय जुआन वैफेई अर्थशास्त्र पढ़ाता था वह बंकर संभाले अब सशस्त्र मिलिशिया है। ऐसे ही राजधानी इंफाल में मैती औरतें कारों को चेक करते हुए आदिवासी को तलाशते हुए हैं।

आदिवासी जुआन वैफेई न केवल हथियारों से लैस है, बल्कि मारने और मरने के लिए भी तैयार है। वह पूरा दिन एक अस्थायी बंकर की सैंडबैग की दीवारों के पीछे रहता हैं। उसकी उंगलियां 12-गेज शॉटगन के ट्रिगर पर टिकी होती हैं। दूसरी तरफ उसकी बंकर के लगभग एक हजार गज आगे, लंबी हरी घास और जंगली फूलों के मैदान के बीच मैती हिंदू हैं, जो आदिवासी कुकी जैसी ही सैंडबैग किलेबंदी के पैरापेट से नजर रख रहे हैं और वे भी सशस्त्र तथा तैयार हैं।

राज्य की तलहटी के कांगवई गांव में ऊपर से नजर रख रहे ड्रोन के शोर में एक आदिवासी का कहना था- केवल एक चीज जो हमारे दिमाग को पार करती है वह यह है कि क्या वे हमसे संपर्क करेंगे; क्या वे आएंगे और हमें मार डालेंगे? यदि वे हथियारों के साथ आते हैं, तो हमें सब कुछ भूलना होगा और अपनी रक्षा करनी होगी।

लड़ाई की फ्रंट लाइनों में इस तरह की दर्जनों किलेबंदी दिखेगी जो नक्शे में नहीं हैं लेकिन दो समुदायों को, इलाके को दो जातीय क्षेत्रों में विभाजित करती हुई हैंझ्र एक तरफ पहाड़ी जनजातीय लोग तो नीचे मैदानी इलाकों के लोगों के बंटे अपने-अपने इलाके।

देश के किसी प्रदेश का ऐसी दशा में होना क्या समझ में आ सकता है? तभी पूरा देश एक तरह से अंधेरे-झूठ व लापरवाही-मुगालतों में समय काटता हुआ है। मुख्यधारा के मीडिया, अखबार-टीवी चैनलों व सोशल मीडिया और केंद्र सरकार सभी सामूहिक तौर पर आत्मघाती रवैए में रियलिटी छुपाते हुए हैं। मेरी राय में ऐसा करना व होना राष्ट्रविरोधी पाप है। इसलिए क्योंकि मणिपुर में यदि पहाड़ी बनाम मैदानी, हिंदू बनाम ईसाई, मैती हिंदू बनाम कुकी आदिवासी में एक-दूसरे के खिलाफ मरने-मारने वाली स्थायी खुन्नस जड़ें जमा गई तो बगल के मिजोरम, नगालैंड और पूरे पूर्वोत्तर में फिर एक के बाद एक पानीपत के मैदान बनने ही हैं। ध्यान रहे पहले से ही बांग्लादेशी घुसपैठियों और मुसलमानों के घाव पके हुए हैं। और ये घाव क्या आगे मोदी-शाह के बाद फफोले बन कर नहीं फूटेंगे? भविष्य की सरकारें क्या उत्तर-पूर्व को संभाल पाएंगी?

# नौकासन पोज से पिघल जाएगी पेट की जिद्दी चर्बी...बस इतने दिन कर लीजिए मेहनत

क्या आप भी पेट की लटकती मोटी चर्बी से परेशान है? क्या जिम जाने से भी आपको कोई फायदा नहीं मिल रहा है? अगर हां तो आपको एक योग मुद्रा जिसका नाम है नौकासन ट्राई करना चाहिए. यह सरल तरीके से पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है. इसके अलावा इससे मांसपेशियों को मजबूती मिलती है. फिजिकल हेल्थ में भी सुधार होता है. आइए जानते हैं नौकासन के बारे में सब कुछ विस्तार से.

नौकासन 2 संस्कृत शब्दों से मिलकर बना है नौका का मतलब होता है नाव और आसन का मतलब है सीट. इस योग आसन के अभ्यास में आपका शरीर नाव की मुद्रा में हो जाता है.नौकासन करने से पेट की चर्बी कुछ ही दिनों में कम हो सकती है. दरअसल जब आप यह अभ्यास करते हैं तो इस दौरान पेट के मसल्स में खिंचाव आता है. इससे मसल्स संकुचित हो जाते हैं. यह पेट की चर्बी कम करने में मदद करते हैं.इस आसन के करने के दौरान पेट के अंदरूनी मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है जिससे उनमें ब्लड सरकुलेशन बढ़ता है इस आसन का अभ्यास एब्स बनाने में भी बहुत मददगार है. इससे पेट की साइड की चर्बी भी कम होती है.हर रोज 20 मिनट इस आसन को करने से आपको कुछ ही दिन में रिजल्ट मिल सकता है. हालांकि आपको अपने आहार पर भी ध्यान देने की जरूरत है.आपको फाइबर युक्त, कम कैलरी वाला आहार अपने डाइट में शामिल करना चाहिए.

नौकासन करने से पीठ और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती है. पैर और बाहों की मांसपेशियों को भी मजबूती मिलती है. यह आपकी बॉडी को टोन करने में मदद करता है. इससे शरीर के निचले हिस्से को मजबूत बनाने में मदद मिलती है. इस आसन से पाचन में भी सुधार हो सकता है. नौकासन लीवर और पेनक्रियाज को मजबूत बनाने में मददगार है.

**कैसे करें नौकासन आसन ?**

*पीठ के बल लेट जाएं. पैरों को एक साथ रखें. *हाथों को शरीर के बगल में लगा कर रखें. *गहरी सांस लें, जैसे ही सांस छोड़ें छाती और पैरों को जमीन से ऊपर उठाएं. *बाहों को पैर के नीचे की ओर रखें *अब धीरे-धीरे बाहों को ऊपर लाएं. *इससे पेट की मांसपेशियों के सिकुडऩे से नाभी क्षेत्र में तनाव महसूस होगा.

# डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, जिले में बनाए 12 आईशोलेशन वार्ड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बरसात के मौसम में डेंगू रोग की आशंका के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बेला व खुरड़ में घर-घर भ्रमण कर लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही की व डेंगू रोकथाम के उपाय के बारे में जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 16 मई से डेंगू रोकथाम के विषयक लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डेंगू रोग रोकथाम के तहत सीएचसी अगस्त्यमुनि में 6, सीएचसी जखोली, पीएचसी ऊखीमठ, माधवाश्रम चिकित्सालय में में 02-02 आईशोलेशन वार्ड सहित कुल 12 आईशोलेशन वार्ड बनाए गए हैं व वार्ड नोडल की तैनाती भी कर दी गई है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेला व खुरड़ के 55 घरों में भ्रमण किया। इस दौरान टीम द्वारा घरों में पानी की टेंक का निरीक्षण किया, टायर, गमलों, फ्रीज ट्रे आदि उन वर्तनों से पानी साफ करवाया जहां डेंगू के मच्छर के पनपने की आशंका होती है। सर्वे के दौरान बुखार का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रहती है, लिहाजा डेंगू से बचने के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि डेंगू के मच्छर को पनपने ही न दें, इसके लिए घरों, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। उन्होंने जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने दें व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने तथा डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने की अपील की है। लार्वा निरोधक दल में डॉ. शाकिब हुसैन, डॉ. रासिका, माइक्रो बॉयोलाजिस्ट मोहित, ब्लाक समन्वयक आशा कार्यक्रम रचना भट्ट, आशा फेसिलिटेटर सरिता, आशा कार्यकत्री मंगला आदि मौजूद रहे।

## पेंशन कार्यों में विलंब होने पर आंदोलनकारी नाराज

उत्तरकाशी : चिह्नित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति उत्तरकाशी से जुड़े राज्य आंदोलनकारियों ने पेंशन इत्यादि कार्यों में विलंब होने पर नाराजगी जताई। कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपते आंदोलनकारियों ने कहा कि जिला स्तर पर पेंशन एवं आश्रित पेंशन चिह्नीकरण कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर नहीं होने से उनकी फाइलें इधर से उधर लटक रही है। आंदोलनकारी अधिकारियों को चक्कर काट कर थक गए हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि शीघ्र आंदोलनकारियों के कार्यों पर ठोस कार्यवाही न हुई तो डीएम कार्यालय के समक्ष आंदोलन करेंगे। पत्र में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र पोखरियाल, बृजमोहन, यशवंत रावत, शक्ति प्रसाद नेगी, शंभू प्रसाद नौटियाल, वशिष्ठ उनियाल, जयेंद्र बिष्ट आदि थे। (एजेंसी)

# राउप्रावि में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित, शिक्षकों की तैनाती की मांग

चमोली : विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ज्ञापन देकर शिक्षकों की नियुक्ति की गुहार लगाई है। प्रखंड के ग्राम पंचायत नाखोली के राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में बीस छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं लेकिन पूरा पठन पाठन का जिम्मा एकमात्र एक शिक्षिका के भरोसे संचालित हो रहा है। जिससे छात्र छात्राओं के पठन-पाठन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्राम प्रधान श्याम सिंह बिष्ट आदि ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि विद्यालय में अंग्रेजी, विज्ञान और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों में शिक्षक नहीं होने के कारण उनके नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। कहा गया है कि विद्यालय में तैनात एक शिक्षक स्वास्थ्य लाभ को लेकर छुट्टी पर हैं और मात्र एक शिक्षिका मौजूद हैं जिनको शिक्षण कार्य के साथ साथ विद्यालय संबंधी अन्य कार्यों को भी संपादित करना पड़ता है जिस कारण विद्यालय में पठन पाठन पूरी तरह चरमरा गई है। मांग की है कि शीघ्र ही विद्यालय में शिक्षको की व्यवस्था की जाए ताकि उनके नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके। (एजेंसी)

### बोले खंड शिक्षा अधिकारी

खंड शिक्षा अधिकारी खुशहाल सिंह टोलिया ने बताया कि पूरे ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों की भारी कमी चल रही है और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नाखोली में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उच्चाधिकारी स्तर पर अवश्य समाधान होगा इसके लिए वे लगातार अपने उच्चाधिकारियों के संपर्क में हैं।

### करंट हादसे की उच्चस्तरीय जांच की मांग

चमोली : चमोली में एसटीपी में करंट से हुई 16 लोगों की मौत के मामले में अधिवक्ताओं ने सरकार से उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतकों तथा घायलों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। गुरुवार को बार संघ भवन में अध्यक्ष रविंद्र पुजारी की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने चमोली मामले में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। अधिवक्ताओं ने मृतकों और घायलों के परिजनों को उचित मुआवजा, घायलों का उपचार प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर तरीके से और मामले में उच्च स्तरीय जांच किए जाने की मांग की। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, ईओ गुरुदीप आर्य सहित कर्मियों एवं सभासदों ने घटना के प्रति शोक जताया है। शोक जताने वाले अधिवक्ताओं में महामंत्री भुवन नौटियाल, अशोक डिमरी, जगदीश पुरोहित, सुरेंद्र सिंह, दुर्गेश भट्ट, रणवीर कंडवाल, दिनेश थपलियाल, राजेंद्र नेगी, अनुज डिमरी, सतीश गैरोला, दिनेश नैनवाल, बीरेंद्र सिंह लडोला, केपी सती आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# 13टीबी रोगियों को राज्यपाल ने की मासिक पोषण किट वितरित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरूवार को राजभवन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोद लिए 13 टीबी रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित की। राज्यपाल ने रोगियों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार व संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने टीबी रोगियों की देखभाल हेतु नि–क्षय मित्र बनते हुए 2022 में 13 टीबी रोगियों को गोद लिया था जिनमें से 12 पूरी तरह स्वस्थ होकर टीबी मुक्त हो गए हैं और एक का इलाज चल रहा है। राज्यपाल ने 13 और रोगियों को गोद लिया है जिन्हें आज मासिक पोषण किट वितरित की गई। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक टीबी रोगी का मित्र बनकर उसके इलाज, पोषण में सहयोग करना होगा ताकि हमारा प्रदेश टीबी मुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के साथ ही इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी के इस अभियान में उन्होंने सभी लोगों से आगे आने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत भारत द्वारा वर्ष 2025 तक ही टीबी को समाप्त करने का निश्चय लिया गया है। उत्तराखण्ड ने टीबी उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वर्ष 2024 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य लिया है जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने प्रदेश के आम लोगों के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थानों, सक्षम व्यक्तियों आदि से आह्वान किया कि वे टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए नि–क्षय मित्र बनें।

## ब्राह्मण महासंघ का अधिवेशन 23 को दून में

देहरादून। राज्य की 14 ब्राह्मण सभाओं के शीर्ष संगठन ब्राह्मण समाज महासंघ का चौथा स्थापना दिवस 23 जुलाई को राजपुर रोड स्थित स्वामी रामतीर्थ आश्रम में आयोजित होगा। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी, सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत कई जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

लैंसडाउन चौक के पास हुई प्रेसवार्ता में महासंघ अध्यक्ष प्रमोद मेहता ने कहा कि राज्य की 22 प्रतिशत ब्राह्मण जनसंख्या को समुचित सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल रही है। इस पर समग्र ब्राह्मण समाज अधिवेशन में मंथन करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री टपकेश्वर महादेव के पीठाधीश्वर महन्त किशन गिरी करेंगे।

# पेपर गैस इस्तेमाल पर यूथ कांग्रेस हमलावर

देहरादून। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पेपर गैस का इस्तेमाल करने को लेकर राजनीति गरमा गई है। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमितर भुल्लर ने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए अमानवीय तरीका अपनाया गया। अंकिता भंडारी हत्याकांड और भर्ती परीक्षा घपलों की सीबीआई जांच की मांग को लाठी खाई है, पेपर गैस भी झेल लिया है और गोली खानी पड़े तो वह भी खा लेंगे। गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता किस तरह सिस्टम का दुरुपयोग करती है, यह शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे प्रदर्शन पर पेपर गैस इस्तेमाल से साफ हो



गया है। पुलिस ने जो कृत्य किया उसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो पुलिस मुख्यालय से लेकर सीएम आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मौके पर पेपर गैस से पीड़ित पुलिसवाले अपनी नाकामी खुद बता रहे थे। जिसने ऐसा किया पुलिसवालों ने खुद उसे मौके से भगाने में मदद की और अब नाकामी छुपाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी जा रही है।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ने कहा कि विरोध प्रदर्शन रोकने के दूसरे तरीके थे, लेकिन टारगेट बनाकर यूथ कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया गया। कहा कि 27 जुलाई से बंगलुरू में शुरू हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन के साथ ही दिल्ली में भी इस मामले को पार्टी नेताओं के सामने रखेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवा वर्मा ने पूरे घटनाक्रम को अमानवीय कृत्य करार दिया। पत्रकार वार्ता में सोशल मीडिया सेल के चेयरमैन विकास नेगी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी, देहरादून जिला प्रभारी नवीन रमोला मौजूद रहे।

### कार्रवाई को लेकर डीजीपी से मिले

यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने डीजीपी अशोक कुमार से भी मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया कि पेपर गैस के इस्तेमाल से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही कई पुलिसवाले, वहां से गुजर रहे लोग, महिलाएं और स्कूली बच्चे भी बुरी तरह प्रभावित हुए। ऐसे में पूरे मामले की जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुमितर भुल्लर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवा वर्मा, संग्राम सिंह पुंडीर, नवीन रमोला, प्रियांश छाबड़ा, दिवेश उनियाल, तुषार जायसवाल मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मालदेवता कालेज में दाखिले को लेकर हंगामा

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में गुरुवार को बीए में दाखिले को लेकर छात्रों ने हंगामा किया। उन्होंने एडमिशन समिति पर छात्रों को चयनित विषय ना देने का आरोप लगाया। हालांकि बाद में प्राचार्य के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। कालेज के छात्रसंघ अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने आरोप लगाया कि गुरुवार से कालेज में बीए के प्रवेश शुरू हो गए हैं। लेकिन जब छात्र दाखिला लेने पहुंचे तो समिति की ओर से मनमानी करते हुए उन्हें अपने हिसाब से विषय दिए गए। जबकि मैरिट फार्म में विषय पहले ही छात्र चुन चुके हैं। वो विषय उन्हें नहीं दिए गए। इसका जब विरोध किया गया तो समिति ने उन विषयों में सीटें ना होने की बात कही। लेकिन इसका विवरण नहीं दिया गया। जिस कारण छात्र भड़क गए। बाद में प्राचार्य डा. वंदना शर्मा ने समिति को निर्देश दिए कि छात्रों को उनके चयनित विषय दें।

### फाल्ट होने से कई इलाकों की बत्ती गुल

रुड़की। बिजली की लाइनों में फॉल्ट आने और ट्रांसफार्मर खराब होने से शहर के कई इलाकों में बुधवार देररात से गुरुवार दोपहर बाद तक कई बार बिजली गुल होती रही। इससे लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली का लोड भी बढ़ने लगा है। इससे ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण लोड पड़ने पर खराब होने लगे हैं।

### छात्रों के प्रदर्शन के बाद डीबीएस में परीक्षा तिथि बदली

देहरादून। एनएसयूआई ने आंतरिक परीक्षा की तिथि बदलने को लेकर गुरुवार को डीबीएस पीजी कालेज में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य कक्ष के बाहर धरना भी दिया। जिसके बाद 25 जुलाई से होनी वाली परीक्षाएं 31जुलाई से कर दी गई हैं। एनएसयूआई नेता व छात्रसंघ अध्यक्ष अरुण टम्टा ने कहा कि कालेज में नियमित कक्षाएं शुरू ना होने और कई अन्य कारणों से पढ़ाई पूरी नहीं हो पायी है। ये पूरा माह भी छुट्टियों में ही निकल गया। ऐसे में छात्र कैसे 25 से पेपर दे पाएंगे।

# मणिपुर की घटना पर दून में संगठनों का प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड महिला मंच समेत विभिन्न संगठनों ने मणिपुर में महिलाओं से अमर्यादित हरकत के विरोध में दून में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तत्काल इस्तीफा दें। संगठनों ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर भी महिला विरोध टिप्पणी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। देहरादून में गुरुवार को उत्तराखंड महिला मंच, उत्तराखंड इंसानियत मंच, जनवादी महिला संगठन, ज्ञान विज्ञान समिति, उत्तराखंड संयुक्त परिषद, नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट एंड स्टूडेंट, नेताजी संघर्ष समिति, उत्तराखंड आंदोलनकारी परिषद आदि संगठनों से जुड़े लोग कचहरी में जुटे और जोरदार नारेबाजी की। आक्रोशित लोग यहां से रैली लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे और



जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। यहां वक्ताओं ने कहा कि देश में महिलाओं के प्रति हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। मणिपुर की घटना इसी का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में कुकी समुदाय की महिलाओं को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर सड़क पर दौड़ाना मानवता को झकझोर देने वाला कृत्य है। संगठनों ने घटना में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। संगठनों ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर भी महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया। मांग की कि उनकी सभाओं पर प्रतिबंध लगाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। मौके पर मंच की जिला संयोजक निर्मला बिष्ट, कमला पंत, रजिया बेग, इंदु नौटियाल, पदमा गुप्ता, उमा भट्ट, इंद्रेश मैखुरी, त्रिलोचन भट्ट, दमयंती नेगी, संजीव घिल्डियाल, जगदीश कुकरेती, कमलेश खंतवाल आदि मौजूद थे।

## कांवड़ मेले में लापता हुए दो युवक, केस दर्ज

रुड़की। कांवड़ मेले के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए दो युवक काफी तलाश के बाद भी परिजनों को नहीं मिले। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर लापता हुए युवकों की तलाश शुरूकर दी है। राजस्थान के रहने वाले बद्री प्रसाद मीणा निवासी मालखेड़ा अलवर राजस्थान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई समर्थ लाल कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार आया था। मंगलौर क्षेत्र में 11 जुलाई को वह अपने साथियों से बिछड़ गया था। उसके बाद उसका कहीं पता नहीं चला। इस संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की है। दूसरी ओर अनुज कुमार निवासी विजय नगर गाजियाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई गौरव कुमार 12 जुलाई को मंगलौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अब्दुल कलाम चौक के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसके सभी साथी कांवड़ लेकर अपने घर पहुंच गए।

# यूसीसी से महिला अधिकार होंगे मजबूत :सुबुही खान

देहरादून। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता सुबुही खान का कहना है कि यूसीसी आने से सभी धर्म की महिलाओं को फायदा मिलेगा। समान नागरिक संहिता मुस्लिम महिलाओं, बच्चों व बेटियों की सुरक्षा के लिए बेहद जरुरी है। यूसीसी लाकर महिला अधिकारियों को बढ़ाने व मजबूती प्रदान करने में उत्तराखंड इतिहास रचेगा।

राजपुर रोड स्थित होटल अकेता में आई लीड संस्था और उत्तराखंड यंग थिंकर्स फोरम के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक न्याय के लिए समान नागरिक संहिता पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुबुही खान और आई लीड की संस्थापक भाजयूमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता सुबुही खान ने कहा कि कुछ लोग इसे धर्म से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वो लोग नही चाहते कि मुस्लिम धर्म की महिलाएं आगे बढ़े और समाज में अपना नाम बनाएं। यूसीसी से महिला अधिकारों को मजबूती मिलेगी। आशा नौटियाल ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य बनेगा। नेहा जोशी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने इसकी पहल की है। इस अवसर पर गीता रावत, शारदा त्रिपाठी, रजत शक्ति, अनुराधा मल्ला, यास्मीन आलम खान, लुबना, वैशाली बंसल, बबिता भट्ट, कमली भट्ट, नेहा शर्मा, भावना चौधरी, साक्षी शंकर मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने माना लापरवाही से हुआ हादसा

ऋषिकेश। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने माना है कि चमोली में करंट लगने से 16 लोगों की मौत और 11 लोगों के झुलसने की भयानक घटना का कारण लापरवाही रहा है। उनका कहना है कि कोई कमी जरूर थी, वरना इतना बड़ा हादसा नहीं होता। बोले, हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिए हैं। सप्ताहभर में जांच के बाद दोषियों का पता लगने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एम्स में चमोली हादसे के घायलों का हाल जानने पहुंचे थे।

# सीमांत गांवों का व्यापक विकास जरूरी: अग्रवाल

ऋषिकेश। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) का एमटीबी साइकिलिंग अभियान 1062 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मिला। इस मौके निम के सदस्यों ने मंत्री अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज स्कीम के अंतर्गत सीमांत गांव के व्यापक विकास और सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन को बढ़ाने के तहत युवा वर्ग में साहसिक क्रियाकलापों के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निम द्वारा इस अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में कुल छह सदस्य शामिल रहे। यह अभियान प्रदेश के 11 जिलों से गुजरकर



संपन्न हुआ। अभियान का शुभारंभ 26 जून को जधोंग गांव से हुआ था। इसमें लगभग 1062 किलोमीटर की साइकिलिंग की गयी। अभियान के दौरान गढ़वाल और कुमाऊं दोनों मंडलों में स्थित गढ़वाल विवि, कुमाऊं विवि के छात्रों एवं फैकल्टी मेंबर्स के साथ साहसिक क्रिया कलापों के साथ रोजगार का सृजन, एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के साथ संवाद और परिचर्चा भी सम्मिलित रही। इस दौरान संस्थान के निम के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमान भदौरिया, उप प्रधानाचार्य निम मेजर देवल बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

## किशोर को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। किशोर को गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घायल किशोर का एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है। कस्बे के गागलहेड़ी तिराहे के समीप किराए पर रह रहे एक परिवार के सदस्य स्थानीय फैक्ट्री में काम करते हैं। मंगलवार रात परिवार के लोग सो रहे थे।

इस दौरान छत से एक युवक कूद कर घर के अंदर घुस गया। परिवार ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने गोली चला दी और गोली 14 साल के किशोर को लगी। आसपास के लोगों ने आरोपी को घेर कर पकड़ लिया। पिटाई के बाद तमंचे सहित पुलिस के सपुर्द कर दिया।

# कांग्रेस ने चमोली हादसे पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

देहरादून। महानगर कांग्रेस ने गुरुवार को देहरादून में चमोली हादसे पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष डा.जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एस्लेहाल चौक पर पुतला फूंका। साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है। चमोली हादसा हो या फिर मालन नदी के पुल टूटने का मामला। यह सबुकछ सरकारी लापरवाही से हुए हादसे हैं। चमोली में करंट से 16 मौतों के मामले में भी साफ है कि इसमें नमामि गंगे प्रोजेक्ट, जल संस्थान, यूपीसीएल, और आउटसोर्स एजेंसी के बीच तालमेल की कमी थी। वह घटना के लिए एक–दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा ध्यान नई योजनाएं को लॉन्च करने पर है, लेकिन इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उतनी ही लापरवाही हो रही है। उन्होंने घटना की समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कार्रवाई, मृतकों को 50 लाख और घायलों को 10 लाख का मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, पूरन सिंह रावत, गरिमा दसौनी, हरजीत सिंह, गोपाल सिंह गरिया, आलोक मेहता, रामकुमार थपलियाल, नरेश बंगवाल, राजेंद्र राज, विनय कुमार, भूपेंद्र नेगी, संजय गौतम, लकी राणा, अवधेश, नवीन, उदय सिंह रावत, विकास ठाकुर, विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## रिजल्ट में गड़बड़ी से गुस्साएं छात्रों का हंगामा

ऋषिकेश। बीएससी के परीक्षा परिणामों में गड़बड़ियों से परेशान छात्र–छात्राओं ने श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में जमकर हंगामा किया। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों ने विज्ञान संकाय के डिर्पाटमेंट को भी बंद करवा दिया। आक्रोशित छात्रों का कहना था कि परीक्षा परिणामों की त्रुटियों में सुधार करने की तय तिथि बीतने पर भी विवि प्रशासन ने कोई समाधान नहीं निकाला है। उन्होंने समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी। गुरुवार को विज्ञान संकाय में छात्र नेताओं के नेतृत्व में बीएससी के विभिन्न सेमेस्टरों के छात्र–छात्राएं एकत्रित हुए और हंगामा करने लगे। विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों ने विज्ञान संकाय के डिर्पाटमेंट को बंद करवाया। इस दौरान असाइनमेंट जमा कराने आए छात्र–छात्राओं को वापस लौटा दिया गया। छात्रसंघ महासचिव अमन पांडेय ने कहा कि विवि प्रशासन ने 10 जुलाई तक परीक्षा परिणामों में आने वाली सभी दिक्कतों को ठीक करवा देने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी भी परीक्षा परिणामों में त्रुटियां बनी हुई हैं। उपाध्यक्ष केशव पुरवाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की लापरवाही का नतीजा है,

## सिपाहियों पर फायरिंग मामले का आखिरी आरोपी विकासनगर से गिरफ्तार

रुड़की। लक्सर में सिपाहियों को गोली मारकर घायल करने वाले आखिरी आरोपी को एसटीएफ ने विकासनगर से गिरफ्तार कर लक्सर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ के बाद लक्सर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तमंचा और कारतूस बरामद करने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। 16 अक्तूबर 2022 की शाम लक्सर के चेतक पुलिसकर्मी सुरेंद्र शर्मा और पंचम प्रकाश मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद बदमाशों का पीछा कर रहे थे। इस दौरान बदमाश गोली चलाकर दोनों सिपाहियों को घायल करके भाग गए थे। घटना का मुकदमा दर्ज करने के हफ्ते भर बाद ही पुलिस ने इसका खुलासा कर दिया था।

# मुख्य विकास अधिकारी कमठान की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आच्छादित स्कूलों एवं विद्यालयों की शेष सत्यापन कार्यों में तेजी लाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि



पी–2 के अन्तर्गत कार्य जुलाई माह तक दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया वर्ष 2023–24 में जुलाई माह तक दिए गए लक्ष्य 84 के सापेक्ष 23 योजना पूर्ण कर ली गई है, शेष पर कार्य गतिमान है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने शेष कार्यों को 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आच्छादित ग्राम पंचायतों से प्रधानों से प्रमाण पत्र प्राप्त करवाने के निर्देश दिए। पी–2 टैण्डरिंग प्रक्रिया/कार्यों की जानकारी प्राप्त करने पर अवगत कराया कि 426 टैण्डर किये गए हैं,

# कई रहस्यों से भरा है देवभूमि में मौजूद यह झरना, दूर–दूर से यहां पहुंचते हैं पर्यटक



नई दिल्ली, भारत दुनियाभर में अपनी संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मशहूर है। यहां मौजूद कई सारे एतिहासिक और धार्मिक स्थलों को देखने देश–विदेश से लोग यहां आते हैं। विविधताओं से भरा यह देश कई रहस्यों और चमत्कारों से भी भरा हुआ है। यही वजह है कि भारत कई वर्षों से दुनियाभर में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भारत के यूं तो कई सारे पर्यटन स्थल पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं, लेकिन देवभूमि उत्तराखंड की बात ही कुछ अलग है।

यहां हर साल देश–दुनिया से कई सारे लोग घूमने आते हैं। इस साल 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा की शुरुआत होने वाली है। ऐसे में लोग इस यात्रा के तहत बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के दर्शन करने पहुंचेंगे। अगर आप भी जल्द ही यहां जाने वाले हैं या जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम आपको बताएंगे उत्तराखंड में मौजूद एक ऐसे अनोखे झरने के बारे में, जिसे आपको अपने जीवन में एक बार जरूर देखना चाहिए।

बद्रीनाथ के पास है रहस्यमयी झरना

नदियों और झरनों और धार्मिक स्थलों से घिरे उत्तराखंड में एक जगह ऐसी भी है, जहां दूर–दूर से लोग पहुंचते हैं। दरअसल, यहां एक ऐसा झरना मौजूद है, जो महत्व, रहस्य और इतिहास के लिए दुनियाभर में काफी मशहूर है। बद्रीनाथ से करीब 8 किमी और भारत के आखिरी गांव माणा से 5 किमी की दूरी पर स्थित इस झरने को वसुधारा फॉल्स के नाम से जाना जाता है। इस झरने को लेकर ऐसी मान्यता है कि इसका पानी पापियों के तन को नहीं छूता नहीं है। पापी व्यक्ति के स्पर्श से ही झरने का पानी गिरना बंद हो जाता है।

400 फीट उंचा है झरना

इस खास और रहस्यमयी झरने का उल्लेख शास्त्रों में भी मिलता है। करीब 400 फीट की उंचाई से गिरने वाले इस झरने को एक नजर में शिखर तक नहीं देखा जा सकता। इस झरने के सुंदर मोतियों जैसी जलधारा लोगों को धरती पर स्वर्ग का अनुभव कराती है। इसके अलावा इस झरने को लेकर यह भी कहा जाता है कि इसका पानी कई तरह की जड़ी–बूटियों से होकर गिरता है,जिसकी वजह से इसका पानी जिस व्यक्ति पर भी गिरता है, वह निरोगी हो जाता है।

दो घंटे में तय होती है दूरी

वसुधारा फॉल्स तक पहुंचने के लिए फट ट्रैक माणा गांव से शुरू होता है। यहां सरस्वती मंदिर के बाद पांच किमी लंबा यह ट्रैक काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, यहां की जमीन बेहद कठोर और पथरीली है, जिसकी वजह से माणा गांव से वसुधारा तक पहुंचने में करीब दो घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान रास्ते में भोजन और पानी की कोई सुविधा भी नहीं मिलती। हालांकि, यहां पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को माणा गांव से घोड़ा–खच्चर और डंडी–कंडी की सुविधा मिल जाती है।

# गर्मियों में घूमने के लिए बेस्ट हैं ये जगहें, जहां बिता सकते हैं सुकून के पल



नई दिल्ली, हमारे देश में एक से बढ़कर एक घूमने वाली जगह हैं। गर्मियों के मौसम में लोग ठंडी जगहों की तलाश में रहते हैं, जहां पहाड़ या समुद्र के किनारे सुकून के पल बिता सके और सुहाने मौसम का उठा सकते हैं आनंद। अगर आप भी गर्मियों की छुट्टियां मनाने का मन बना रहे हैं, तो आज आपको कुछ ऐसे खूबसूरत डेस्टिनेशन्स के बारे में बताएंगे, जहां आप वेकेशन का लुत्फ उठा सकते हैं। आइए जानें...

दार्जिलिंग

समर वेकेशन के लिए दार्जिलिंग एक बेहतरीन जगह है। यहां सालों भर पर्यटकों का आना–जाना लगा रहता है, लेकिन गर्मी के मौसम में सैलानियों की भीड़ बढ़ जाती है। दार्जिलिंग को क्वीन ऑफ हिल्स के नाम से भी जाना जाता है। आप यहां बर्फ से ढके कंचनजंगा का खास नजारा देख सकते हैं। हरे–भरे चाय के बगवानों की खूबसूरती लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

शिलांग

मेघालय की राजधानी शिलांग फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां की झील–झरनें पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। जब भी आप दोस्तों या परिवार के साथ शिलांग घूमने जाए, तो एलीफेंट फॉल्स देखना न भूलें। यह झरना हाथी की तरह दिखाई देता है । अगर आप प्रकृतिक चीज़ों से रू–ब–रू होना चाहते हैं, तो शिलांग सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

औली

औली को मिनी स्वीटजरलैंड भी कहा जाता है। यह दुनियाभर में स्कीइंग एक्टिविटी के लिए मशहूर है। गर्मियों की छुट्टियों में आप यहां ट्रैकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां त्रिशुल पीक की खूबसूरती आप देखते ही रहा जाएंगे। अगर आप एडवेंचर लवर्स हैं, तो चिनाब झील जरूर देखें।

# दुनिया के 10 सबसे खुशहाल देश



दिल्ली, वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 में दुनिया के 10 सबसे खुशहाल देश की सूची जारी की गई है। इसमें जीडीपी, जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा के आधार पर रेटिंग दी जाती है। भारत ने हैप्पी इंडेक्स की सूची में लगातार सुधार किया है। इससे पहले साल 2021 में भारत 139 वें स्थान पर था। आइए, भारत समेत दुनिया के 10 सबसे खुशहाल देश के बारे में सबकुछ जानते हैं–

–इस सूची में ऑस्ट्रिया 10 वें नंबर पर है। हैप्पी इंडेक्स में ऑस्ट्रिया का स्कोर 7.268 है। साल 2022 तक ऑस्ट्रिया की जनसंख्या 90, 66, 710 थी।

–दुनिया के 10 सबसे खुशहाल देश में नौवें नंबर पर न्यूजीलैंड है। क्रिकेट जगत में न्यूजीलैंड को शांतिप्रिय देश कहा जाता है। हैप्पी इंडेक्स में न्यूजीलैंड को 7.277 प्राप्त हुआ है। वर्तमान समय में न्यूजीलैंड की आबादी 48, 98, 203 है।

–हैप्पी इंडेक्स की सूची में आठवें स्थान पर लक्ज़मबर्ग है। वहीं, इंडेक्स में लक्ज़मबर्ग को कुल 7.324 अंक प्राप्त हुआ है। यह खूबसूरत देश यूरोप महादेश में है। यहां फ्रेंच, जर्मन, लक्समबर्ग और अंग्रेजी अधिक बोली जाती है। देश की आबादी 6,42,371 है।


–इस सूची में सातवें स्थान पर स्वीडन है। यह देश भी यूरोप महादेश में स्थित है। जबकि, क्षेत्रफल 5, 28, 447 वर्ग किलोमीटर है। हैप्पी इंडेक्स में स्वीडन को 7.363 अंक प्राप्त हुआ है। देश की जनसंख्या 10, 218, 971 है।–नॉर्वे के बारे में आप जानते होंगे। इस देश की राजधानी ओस्लो में है। वहीं, स्वीडन और रूस से देश की सीमा जुड़ती है। खुशहाल देशों की सूची में नॉर्वे छठे नंबर पर है। वहीं, हैप्पी इंडेक्स में नॉर्वे को 7.392 अंक प्राप्त हुआ है।

# उत्तराखंड का ये ऑफबीट डेस्टिनेशन है ट्रैकिंग लवर्स के साथ फोटोग्राफी के लिए भी बेस्ट

नई दिल्ली, उत्तराखंड के चमोली जिले में एक ऐसी खूबसूरत जगह है जिसके बारे में आज भी कम ही लोग जानते हैं और वो है चेनाप घाटी। यह घाटी समुद्रतल से लगभग 13,000 फीट की उंचाई पर स्थित हैं। जो देखने में काफी हद तक फूलों की घाटी जैसी ही है। जोशीमठ शहर से इस घाटी की दूरी लगभग 28 किलोमीटर है। इस घाटी से नंदा देवी, नंदा कोट और द्रोणागिरि का अद्भुत नजारा देखा जा सकता है। उन लोगों के लिए ये बेहतरीन डेस्टिनेशन है, जो ट्रैकिंग के शौकीन हैं या फिर भीड़भाड़ से दूर सुकून भरी किसी डेस्टिनेशन की तलाश में हैं। बेशक यहां घूमने–फिरने वाली जगहों की कमी है लेकिन ये घाटी अपने आप में काफी है आपके वेकेशन को यादगार बनाने के लिए।

चेनाप घाटी का आकर्षण

जोशीमठ में 13 हजार फीट की उंचाई पर स्थित इस घाटी चेनाप घाटी का सबसे बड़ा आकर्षण है, प्राकृतिक रूप से बनी लंबी मेड़ और क्यारियां। बरसात के सीज़न में तो यहां लगभग 300 प्रजातियों के खूबसूरत और दुर्लभ फूलों को देखा जा सकता है। इस घाटी में देव पुष्प ब्रम्हकमल को भी देखा जा सकता है। ब्रम्हकमल के अलावा फेनकमल, एनीमोन, मार्श, गेंदा, प्रिभुला, स्नेक लिली, कोबरा लिली, पोटेंटीला, जेनेरियम, ब्लू पॉपी, तारक लिलियम, हिमालयी नीला, पोस्त बछनाग आदि फूलों को भी देखने के साथ कैमरे में कैद कर सकते हैं। फूलों के अलावा यहां दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव और जड़ी–बूटियों का भंडार है। फूलों की घाटी की तरह यह घाटी भी 15 दिन में अपना रंग बदलती रहती है।



घूमने के लिए बेस्ट टाइम

चेनाप घाटी की सुंदरता को निहारने के लिए आप साल में कभी भी प्लान कर सकते हैं लेकिन जुलाई से सितंबर का महीना यहां आने के लिए बेस्ट होता है क्योंकि उस वक्त घाटी की सुंदरता अपने चरम पर होती है।

कैसे पहुंचे चेनाप घाटी

रेल मार्ग

यहां तक पहुंचने के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन हरिद्वार है, जो जोशीमठ से 299 किमी दूर है। यहां से चेनाप घाटी चमोली गढ़वाल तक आप आसानी से बस या टैक्सी से जा सकते हैं।

हवाई मार्ग

निकटतम हवाई अड्डा जॉली–ग्रांट–एयरपोर्ट–देहरादून है। जॉली ग्रांट हवाई अड्डा, जो ऋषिकेश से लगभग 20 किलोमीटर और जोशीमठ से 285 किलोमीटर दूर है।

सड़क मार्ग

यहां पहुंचने के लिए ऋषिकेश से 265 किमी दूर, जोशीमठ के पास मारवाड़ी पुल तक के लिए वाहन मिल जाते हैं। लेकिन उसके बाद लगभग 20 किमी का सफर पैदल ही तय करना पड़ता है, जिसमें कम से कम 3 दिन का समय लगता है। पहले दिन थैंग गांव और दूसरे दिन धार खर्क में रात में आराम करने के बाद तीसरे दिन चेनाब घाटी पहुंचते हैं।

## स्वास्थ्य

# सुबह के समय चलाएं साइकिल, जानें क्या है इसके फायदे



स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना बहुत जरूरी होता है। लेकिन कुछ लोग फिट रहने के लिए व्यायाम की बजाय साइकिल जैसी एक्टिविटी करते हैं।

आपने भी अपने जीवन में कभी न कभी साइकिल जरूर चलाई होगी और आप यह भी जानते हैं कि यह एक अच्छा व्यायाम है। लेकिन साइकिल चलाने से मिलने वाले लाभ प्राप्त करने के लिए उसका सही तरीका होना बेहद जरूरी है। आज विश्व साइकिल दिवस के मौके पर हम साइकिल चलाने का सही तरीका और उससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानेंगे।

साइकिल चलाने का सही तरीका

1. धीरे–धीरे स्पीड बढ़ाएं–

साइकिल चलाना शुरू करते हुए उसे दौड़ाना शुरू न करें बल्कि धीरे–धीरे उसकी तीव्रता को बढ़ाएं। कम से कम 200 से 300 मीटर की दूरी तक रिलैक्स होकर साइकिल चलाएं।

2. दोनों पैरों की पोजीशन का ध्यान रखें–

यह ध्यान रखें कि आपके दोनों पैर पैडल पर समान पोजीशन पर ही रखे गए हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि पैडल पर पैर का पंजा या एड़ी न रखें। बल्कि पंजे से ठीक पिछला हिस्सा पैडल पर रखें

3. आगे की तरफ न झुकें–

साइकिल चलाते समय आगे की तरफ झुकने की कोशिश न करें बल्कि यह ध्यान रखें कि आपकी रीढ़ की हड्डी में ज्यादा मोड़ तो नहीं आया है। हालांकि, आप थोड़ा सा आगे की तरफ मुड़ सकते हैं, लेकिन पूरी तरह कमर मोड़ कर रखना रीढ़ की हड्डी को परेशान कर सकता है।

4. हैंडल को जोर से न पकड़ें–

साइकिल चलाते समय आपको यह ध्यान रखना है कि आप हैंडल को रिलैक्स होकर पकड़ रहे हैं। हालांकि, अगर आप स्पीड से साइकिल चला रहे हैं, तो हैंडल को इतना हल्के से भी पकडऩा नहीं चाहिए।

साइकिल चलाने के फायदे

वैसे तो आप साइकिल किसी भी समय चला सकते हैं और उसके फायदे भी ले सकते हैं। लेकिन सुबह के समय साइकिलिंग करने के अपने अलग ही फायदे होते हैं। सुबह के समय साइकिल चलाने के प्रमुख फायदों में निम्न शामिल हैं–

1. शरीर फिट रहता है–

अगर आप फिट रहना चाहते हैं, तो रोजाना सुबह के समय कम से कम 30 मिनट साइकिल चलाना शुरू करें। इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी धीरे–धीरे अपने आप गायब होना शुरू हो जाएगी।

2. मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है–

सुबह के समय साइकिल चलाते समय आपको ताजी हवा मिलती है, जिसे मन अच्छा होता है। साथ ही डिप्रेशन जैसी समस्याओं को भी सुबह के समय साइकिलिंग करके दूर किया जा सकता है।

3. मांसपेशियां मजबूत होती हैं–

अच्छी मस्कुलर बॉडी चाहिए तो रोजाना सुबह के समय कम से कम 40 मिनट तक साइकिल चलाएं। साइकिल चलाने से शरीर की कई मांसपेशियों में खिंचाव आता है और वे मजबूत बनती हैं।

4. पाचन क्रिया तेज होती है–

साइकिल मांसपेशियों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। अगर आपको पेट में गैस, बदहजमी, दस्त या कब्ज आदि में से कोई भी समस्या महसूस हो रही है, तो आपको रोज सुबह उठकर साइकिलिंग करने की आदत डाल लेनी चाहिए।



# गर्दन के कालेपन को करें दूर, अपनाएं ये तरीके



जिस तरह से हम अपने चेहरे की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह हमे अपने पूरे शरीर की देखभाल करना बेहद ज़रूरी हो जाता है. सिर्फ चेहरे के सुन्दर दिखने से हमारी पूरी बॉडी पर असर नहीं होता.

शरीर के हर अंग को साफ़ रखना उतना ही ज़रूरी होता है जितना चेहरे को. ऐसे में हमारी गर्दन एक ऐसा भाग है जो कि साफ़ सफाई के विषय में कई बार पीछे छूट जाता है.

जिसके कारण हमारी गर्दन गन्दी दिखने लगती है.वैसे देखा जाये तो गर्दन के कालेपन का कारण डिहाइड्रेशन, टैनिंग भी हो सकता है.

कई लोग अपने गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए मार्किट के प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करते हैं. ऐसा करने से भी हमे कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ता है. इसलिए इन महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बजाये आप घरेलू प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**खीरा, एलोवेरा जेल और गुलाब जल**

सामग्री–

2 बड़ा चम्मच खीरे का रस

*1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

*एक छोटा चम्मच गुलाब जल.

विधि–एक बाउल में इन तीनों सामग्री को मिला लें. इस मिश्रण को कॉटन बॉल की सहायता से अपनी गर्दन पर लगाएं. आपके लिए अच्छा होगा कि इसे आप रात में गर्दन पर लगाएं और ओवरनाइट ऐसे ही लगा रहने दें. नियमित रूप से आप इस मिश्रण को सुबह और रात में सोने से पहले गर्दन पर लगाए. आपको अच्छे रिजल्ट ज़रूर मिलेंगे.

हल्दी , बेसन और दही

सामग्री–

*एक बड़ा चम्मच बेसन

*एक छोटा चम्मच दही

*एक चुटकी हल्दी

विधि–एक बाउल में तीनो सामग्री को मिला लें और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें. इसे अपने गर्दन पर लगाएं याद रखें की ये गर्दन पर सुखना नहीं चाहिए. आप इस उबटन का रोज़ाना इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपको अच्छा रिजल्ट मिल सकता है.

**टमाटर का रस और कॉफ़ी पाउडर**

सामग्री–

*एक बड़ा चम्मच टमाटर का रस

*एक छोटा चम्मच कॉफ़ी पाउडर

विधि–इस पैक को बनाने के लिए टमाटर के रस में कॉफ़ी पाउडर को मिक्स करें और स्क्रब करें. इस स्क्रब की मदद से गर्दन को साफ करें.

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338